डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
website:www.aadhuniksamachar.com


PG-5


PG-8

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमाः-ऋतिक-सैफ की विक्रम वेधा हुई रिलीज, इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर हिंदी में मुफ्त देखिए तमिल विक्रम वेधा

वर्ष -08 अंक -181 | प्रयागराज, शनिवार, 01 अक्टूबर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### नॉर्थ कोरियाई बैलिस्टिक मिसाइल के जवाब में दक्षिण कोरिया

**सियोल।** नॉर्थ कोरिया द्वारा हाल ही में पांच बैलिस्टिक मिसाइल लांच करने के जवाब में दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान ने युद्धपोतों के साथ पांच साल के बाद अपना पहला पनडुब्बी रोधी अभ्यास शुरू किया है। दक्षिण कोरियाई नौसेना के अनुसार यह एक दिवसीय त्रिपक्षीय प्रशिक्षण पनडुब्बियों से मिसाइल दागने की अपनी क्षमता को आगे बढ़ाने के लिए उत्तर कोरियाई खतरे के



देखते हुए किया जा रहा है। उत्तर कोरिया ने हाल ही में पांच मिसाइलें लांच की है, जिसमें से एक इसी महीने में की गई है। यह मिसाइल लांचिंग अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के दक्षिण कोरिया दौरे से पहले और बाद में किया गया था। कमला हैरिस ने इस यात्रा के दौरान दक्षिण कोरिया की रक्षा की प्रतिबद्धता जताई थी। बता दें कि अपने रक्षा उपकर्णों में इजाफा करते हुए उत्तर कोरिया कई बड़ी पनडुब्बियों का निर्माण कर रहा है। इन पनडुब्बियों के जरिए कई परीक्षण भी किए गए हैं, जिसमें परमाणु अत्याधुनिक मिसाइलों का परीक्षण भी शामिल है। यह इसलिए भी दुश्मनों के लिए खतरनाक है क्योंकि इसकी पानी के भीतर कई किलोमीटर की मानक क्षमता है और इसका पता लगाना भी शामिल है।

## पीएम मोदी आज गांधीनगर से नई वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाएंगे हरी झंडी, ट्रेन की ये हैं विशेषताएं


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर हैं। पीएम मोदी शुक्रवार को



गांधीनगर से वंदे भारत एक्सप्रेस के नए और अपग्रेड वर्जन को हरी झंडी दिखाएंगे। नई वंदे भारत एक्सप्रेस से आरामदायक और बेहतरीन रेल यात्रा अनुभव के एक नए युग की शुरुआत होगी। नई वंदे भारत एक्सप्रेस सबसे बहुप्रतीक्षित नव निर्मित सेमी-हाई स्पीड ट्रेन है। अब यह व्यावसायिक रूप से चलने के लिए तैयार है। यह ट्रेन गुजरात और महाराष्ट्र राज्यों की राजधानियों को जोड़ते हुए गांधीनगर और मुंबई के बीच चलेगा इस ट्रेन की विशेषताओं के बारे में बात करते हुए पश्चिम रेलवे जोन के सीपीआरओ सुमित ठाकुर ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस कई बेहतर सुविधाएं प्रदान करती है, जो यात्रियों को यात्रा के अनुभव और उनन्त अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं जैसे विमान प्रदान करेगी। ठाकुर ने कहा कि ट्रेन में 160 किलोमीटर प्रति घंटे की परिचालन की गति है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कोच में 32 इंच की स्क्रीन लगी है। इसमें बैठे यात्रियों को सूचना प्रदान करेगी। दिव्यांगों के अनुकूल शौचालय और सीट के हैंडल को ब्रेल अक्षरों में भी उपलब्ध कराया गया है।वंदे भारत एक्सप्रेस में कई अपग्रेडेड सुरक्षा उपाय भी शामिल हैं। इन विशेषताओं के बारे में बात करते हुए वंदे भारत एक्सप्रेस के लोको पायलट केके ठाकुर ने कहा कि इस ट्रेन में कोच के बाहर चार प्लेटफॉर्म साइड कैमरे दिए गए हैं, जिसमें रियरव्यू कैमरे भी शामिल हैं। किसी भी आपातकालीन स्थिति में लोको पायलट और ट्रेन गार्ड एक दूसरे के साथ-साथ यात्रियों के साथ भी आसानी से बात कर सकते हैं।नई वंदे भारत ट्रेनों में यात्रा को सुरक्षित और अधिक आरामदायक बनाने के लिए रिक्लाइनिंग सीट, स्वचालित फायर सेंसर, सीसीटीवी कैमरे, वाईफाई सुविधा के साथ ऑन-डिमांड सामग्री, तीन घंटे का बैटरी बैकअप और जीपीएस सिस्टम सहित सुविधाओं में सुधार होगा।बता दें कि इंटीग्रल कोच फैक्ट्री ने अगस्त 2023 तक 75 वंदे भारत ट्रेनों के निर्माण का लक्ष्य रखा है।

## मंत्री नितिन गडकरी ने कहा भारत अमीर देश, लेकिन गरीबी और बेरोजगारी से जूझ रही आबादी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नागपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने और एक समृद्ध देश होने के बावजूद यहां की जनसंख्या गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी, जातिवाद, अस्पृश्यता और महंगाई का सामना हमारा देश समृद्ध है लेकिन इसकी जनसंख्या गरीब है जो भुखमरी, बेरोजगारी, मुद्रास्फीति, जातिवाद, अस्पृश्यता और कई अन्य मुद्दों का सामना कर रही है जो समाज की प्रगति के लिए ठीक नहीं हैं।' उन्होंने कहा कि इस समय समाज के भीतर समाजिक एवं आर्थिक समानता की जरूरत है। समाज



कर रही है। गडकरी ने गुरुवार को यहां एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि देश के भीतर अमीर और गरीब के बीच की खाई गहरी हो रही है जिसे पाटने की जरूरत है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा, 'हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था हैं और पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम एक अमीर देश हैं जिसकी आबादी गरीब है। के इन दो हिस्सों के बीच फासला बढ़ा है। आर्थिक विषमता भी सामाजिक असमानता की तरह बढ़ी है। उन्होंने स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में काम करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि अमीर और गरीब की खाई को पाटने के लिए ऐसे अन्य क्षेत्रों पर भी ध्यान देना होगा। उन्होंने देश के 124 आकांक्षी जिलों के विकास के लिए मिलकर काम करने का आह्वान भी किया।

## अपनी क्षमताओं को पहचानता भारत, पीएम मोदी ने देश की विदेश नीति में आमूलचूल परिवर्तन करने का किया प्रयास

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हाल ही में एससीओ (शंघाई कोआपरेशन आर्गनाइजेशन) सम्मलेन में भाग लेने के लिए उज्बेकिस्तान के समरकंद गए थे। केवल भारत ही नहीं, अपितु पूरे विश्व का मीडिया इस सम्मलेन को नरेन्द्र मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी पहली बार एक-दूसरे के सामने खड़े थे। परंतु इन सबके बीच पश्चिमी देशों की मीडिया में यदि किसी घटना की सुखियां बनी तो वह था भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रूसी राष्ट्रपति के



बहुत ही निकट से देख रहा था। ऐसा होता भी क्यों न। जहां एक तरफ रूस-यूक्रेन युद्ध के शुरू होने के बाद से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पहली बार किसी बहुपक्षीय सम्मलेन में भाग ले रहे थे, वहीं दूसरी ओर कोविड महामारी के शुरू होने के लगभग ढाई साल बाद चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग पहली बार विदेश यात्रा कर रहे थे। इसके साथ-साथ भारत के प्रधानमंत्री समक्ष दो टूक यह कह देना कि, 'यह युग युद्ध का नहीं है पुतिन ने भी इस बात को संजीदगी से लेते हुए यह बताने की कोशिश की थी कि रूस भारत की चिंताओं के प्रति गंभीर है और इसको लेकर सार्थक प्रयास कर रहा है। यह गौर करने वाला विषय है कि जो पश्चिमी मीडिया मोदी सरकार की अनेक मुद्दे पर आलोचना करने से नहीं थकता है, वह मोदी की अत्यंत प्रशंसा कर रहा है।

## अशोक गहलोत के कांग्रेस अध्यक्ष पद की रेस से हटने पर भाजपा का तंज


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अशोक गहलोत के कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ से हटने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने गुरुवार को कहा कि यह कभी भी चुनाव नहीं था, बल्कि सबसे सुविधाजनक रिमोट कंट्रोल का चयन था। पूनावाला ने कहा, 'चूंकि गहलोत, जो अब तक भरोसेमंद वफादार थे, ने रविवार



को जयपुर में परिवार के साथ बेवफाई की थी इसलिए वह अब कांग्रेस अध्यक्ष बनने के योग्य नहीं हैं। यह साबित करता है कि यह कभी भी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव नहीं था, बल्कि सबसे सुविधाजनक दरबारी का चयन था जो गांधी परिवार के लिए रिमोट कंट्रोल बन सके। चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा, 'गुस्ताख-ए-परिवार की एक ही सजा, गहलोत अध्यक्ष से जुदा।

## पुतिन पर भड़के बाइडन रूस के दावों को कभी मान्यता नहीं देगा अमेरिका


**वाशिंगटन।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शुक्रवार को औपचारिक रूप से यूक्रेन के चार इलाकों का अपने देश में विलय कर लेंगे। यह फैसला इन चार इलाकों में रूस के अपनी तरह के जनमत संग्रह के नतीजों के बाद लिया जाएगा। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। बाइडन ने कहा कि वाशिंगटन मास्को के



इन दावों को कभी मान्यता नहीं देगा। व्हाइट हाउस द्वारा जारी बयान के अनुसार गुरुवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने रूस के इस कदम को 'बेशर्मी' बताया है।बाइडन ने कहा कि यह तथाकथित जनमत संग्रह एक दिखावा था। यह परिणाम मास्को में पहले से ही निर्धारित कर लिए गए हैं। स्वतंत्रता की रक्षा में यूक्रेनी लोगों की सच्ची इच्छा हर दिन स्पष्ट हो रही है। वे अपने लोगों को बचाने और अपने देश की स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए अपने जीवन का बलिदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुतिन की शाही महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए यूक्रेन पर रूस का हमला संयुक्त राष्ट्र चार्टर और संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के बुनियादी सिद्धांतों का घोर उल्लंघन है।

## दिल्ली से मानसून की विदाई 10 राज्यों में येलो अलर्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मानसून की विदाई के लिए स्थितियां अनुकूल होती जा रही हैं। मौसम विभाग के ताजा अपडेट के मुताबिक दिल्ली, पंजाब, चंड़ीगढ़ से मानसून की विदाई हो गई है। वहीं, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों से भी मानसून विदा हो गया है। इन राज्यों में आने वाले दिनों तक आसामान बिल्कुल साफ रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक आज देश के कई राज्यों में भारी बारिश की भी संभावना है। आईएमडी के ताजा पूर्वानुमान के मुताबिक आज यानी 30 सितंबर को झारखंड, ओडिशा सहित 10 राज्यों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। वहीं दक्षिण भारत के कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। स्काईमेट वेदर के मुताबिक पश्चिम मध्य बंगाल में आंध्र प्रदेश तट के



पास एक चक्रवाती परिसंचरण औसत समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। उत्तरी अंडमान सागर से मध्य बंगाल की खाड़ी में आंध्र प्रदेश तट तक एक पूर्व पश्चिम ट्रफ़ रेखा औसत समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर बनी हुई है। 1 अक्टूबर के आसपास एक चक्रवाती परिसंचरण पूर्वोत्तर और उससे सटे पूर्वी मध्य बंगाल की खाड़ी में उभरने की उम्मीद है। इसके प्रभाव से कुछ राज्यों में अगले कुछ दिन अभी भी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार को झारखंड, पश्चिम गांगेय बंगाल, ओडिशा, तटीय आंध्रप्रदेश एवं यनम, रायलसीमा, तामिलनाडु, पुड्डुचेरी व कराईकल, आंतरिक दक्षिण कर्नाटक,आंतरिक उत्तरी कर्नाटक, तेलंगाना, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, कोंकण, गोवा एवं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में आज गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

## सरकार ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबाना के सुरक्षा कवर की जेड प्लस में किया अपग्रेड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सरकार ने अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी की सुरक्षा को केंद्रीय खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा कथित खतरे की धारणा की समीक्षा के बाद 'जेड प्लुस' की शीर्ष श्रेणी में अपग्रेड कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन 65 वर्षीय अंबानी को पहली बार 2013 में भुगतान के आधार पर सीआरपीएफ कमांडो का 'जेड' श्रेणी का कवर दिया गया थाउनकी पतनी नीता अंबानी के पास भी एक समान सशस्त्र कवर है, लेकिन ' की एक निचली श्रेणी है, जिसमें कमांडो की संख्या कम है। नवीनतम ब्लूमबर्ग इंडेक्स के अनुसार अंबानी दुनिया के 10वें सबसे अमीर



व्यक्ति हैं। सूत्रों ने कहा कि अंबानी की सुरक्षा को शीर्ष श्रेणी के जेड प्लुस में अपग्रेड कर दिया गया है और इस संबंध में जल्द ही आवश्यक संचार किया जाएगा। केंद्रीय खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा व्यवसायी को कथित खतरे की गुंजाइश पर इनपुट प्राप्त होने के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सिफारिश को औपचारिक रूप दिया गया था। उन्होंने कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को मौजूदा कवर को 'जेड प्लुस' तक बढ़ाने और इसकी सुरक्षा इकाई में और कमांडो शामिल करने के लिए कहा जा सकता है कुल 40-50 कमांडो सुरक्षा इकाई का हिस्सा हो सकते हैं जो कवर प्रदान करने के लिए पाली में काम करती है। बल, वर्तमान में अंबानी को एक सशस्त्र कवर प्रदान करता है, जबकि यह उनके आवासीय और कार्यालय परिसर को भी सुरक्षित करता है। पिछले साल की शुरुआत में मुंबई में उनके घर के पास विस्फोटकों से लदी एक एसयूवी बरामद होने के बाद अंबानी की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी, जिसके बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मामले की जांच शुरू की थी।अरबपति उद्योगपति अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी को पिछले महीने केंद्र सरकार द्वारा सीआरपीएफ कमांडो का 'जेड' श्रेणी का वीआईपी सुरक्षा कवर दिया गया था, यह सुविधा भुगतान के आधार पर समान रूप से दी जा रही है। सीआरपीएफ के महानिदेशक (डीजी) कुलदीप सिंह ने गुरुवार को संवाददाताओं से कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीआरपीएफ को वीआईपी सुरक्षा के लिए एक नई बटालियन प्रदान की है इस कार्य के लिए पहले से ही छह बटालियन तैनात हैं और ऐसी प्रत्येक इकाई में लगभग 800 कर्मी हैं।

## अशोक गहलोत के बाद अब सचिन पायलट करेंगे सोनिया गांधी से मुलाकात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** राजस्थान में जारी सियासी संकट के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट गुरुवार को पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात करेंगे। बुधवार रात दिल्ली पहुंचे राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे सोनिया गांधी से मुलाकात की। बता दें कि अशोक गहलोत ने ऐलान कर दिया है कि वह कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ेंगे। साथ ही अशोक गहलोत ने राजस्थान में सीएम कौन रहेगा



इसका निर्णय सोनिया गांधी पर छोड़ दिया है। वहीं कांग्रेस की अनुशासन समिति ने अशोक गहलोत के तीन वफादारों- राजस्थान के मंत्री शांति धारीवाल, महेश जोशी और धर्मेंद्र राठौर को 10 दिनों का समय दिया है। अशोक गहलोत के तीनों वफादारों को यह बताना है कि उनके खिलाफ कारवाई क्यों नहीं होनी चाहिए। बता दें कि मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन ने पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी को एक रिपोर्ट में अशोक गहलोत के तीन वफादारों पर घोर अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट सौंपी थी।

## मुंबई के फायर फाइटर संदीप देवारे 35 परिवारों के लिए बने मसीहा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मुंबई।** कुछ दिनों पहले मुंबई के दहिसर स्थित सोसाइटी में आग लगने के बाद एक सोसाइटी के अंदर



फंसे लगभग 35 परिवारों को एक पुलिस नाइक संदीप देवारे ने बचाया। पुलिस नाइक ने लोहे की रॉड से छत का ताला तोड़ा और पूरे आवास को अपने कब्जे में ले लिया। मौके पर पहुंची दमकल की गाडियों ने आग पर काबू पाया। कैंसर सर्वाइवर संदीप देवारे एक बार फिर बने हीरो संदीप देवारे को मुंबई सीपी ने 35 परिवारों की जान बचाने के लिए इनाम देने का भी फैसला किया। यह वही कांस्टेबल है जिसने जोगेश्वरी पश्चिम स्थित खान एस्टेट सोसायटी में पहले कई लोगों की जान बचाई थी।ओशिवारा पुलिस स्टेशन से जुड़े पुलिस नायक संदीप देवारे एक कैंसर सर्वाइवर है, जिसकी पिछले चार वर्षो में दो सर्जरी और 50 से अधिक कीमोथेरेपी सत्र हुए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार घटना कुछ दिन पहले दहिसर स्थित श्रीनाथ नगर सोसाइटी दहिसर ईस्ट में हुई, जहां पुलिस नाइक संदीप देवारे पुलिस क्वार्टर फ्लैट में रह रहे हैं। इस सोसायटी में लगभग 13 फ्लैट पुलिस को आवंटित किए गए थे और बाकी निजी सदस्यों को आवंटित किए गए थे।

## त्रिकोणीय हुआ चुनाव, मल्लिकार्जुन खड़गे भी रेस में कूदे, नामांकन की आखिरी दिन है करिब

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस का अगला अध्यक्ष कौन होगा इससे बड़ा सवाल ये है कि कांग्रेस अध्यक्ष पद



के लिए नामांकन कौन-कौन दाखिल करेगा कांग्रेस अध्यक्ष पद के नामांकन का आज आखिरी दिन है, लेकिन ने भी अभी तक फार्म जमा नहीं कराया है। दरअसल, राजस्थान कांग्रेस के सियासी बवाल ने सोनिया गांधी का समीकरण बिगाड़ दिया है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम को सोनिया गांधी ने हरी झंडी दिखा दी थी। गहलोत ने एलान भी कर दिया था कि वह कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने जा रहे हैं, लेकिन कथित तौर पर राजस्थान के सीएम की कुर्सी न छोड़ने की जिद ने उन्हें रेस से बाहर कर दिया। गुरुवार को सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद दिग्विजय सिंह ने घोषणा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। इस बीच मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम सामने आने पर कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में मुकाबला त्रिकोणीय होता नजर आ रहा है।कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के अध्यक्ष पद चुनाव मैदान में कूदने से मुकाबला त्रिकोणीय होता नजर आ रहा है। मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी से मुलाकात करने जा रहे हैं। इससे पहले गुरुवार रात को उन्होंने के नेताओं के साथ मुलाकात की। आनंद शर्मा के घर पर हुई इस बैठक में मनीष तिवारी, भूमेंद्र सिंह हुडा और पुथ्वीराज चव्हाण भी शामिल हुए।

# जसरा में जय श्री महाकाल फाउंडेशन के तत्वाधान में 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर निकाली जाएगी 22 सौ मीटर की विशाल तिरंगा यात्रा




**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज के यमुनापार जसरा में आगामी 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर जय श्री महाकाल फाउंडेशन के तत्वाधान में 22 मीटर की विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी जय श्री महाकाल फाउंडेशन यूथ क्लब के अध्यक्ष एडवोकेट अरविंद दुबे ने बताया कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देश के युवाओं को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पद चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित करना है तथा तिरंगा यात्रा के माध्यम से पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई जाएगी।

# अपनी कथाओं के माध्यम से चीनी वस्तुओं के बहिष्कार के लिए चलाएंगे जागरुकता अभियान आचार्य आशुतोष महाराज जी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** भारत तिब्बत सहयोग मंच प्रयागराज जिला युवा विभाग अध्यक्ष हिमांशु दुबे ने आज श्रीमद् भागवत कथा वाचक आचार्य आशुतोष महाराज जी से मुलाकात कर उनका आशिर्वाद लिया और मंच के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। मंच के उद्देश्यों से प्रभावित होकर महाराज जी ने कहा कि वह स्वयं भी अपने कथाओं के माध्यम से राष्ट्र हित के लिए मंच के विचारों का प्रचार करेगें और चीनी वस्तुओं के बहिष्कार के लिए जागरुकता अभियान चलाएंगे। इस अवसर पर आचार्य पंकज शुक्ला जी भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी मंच के उद्देश्यों के प्रचार की बात कही।



# शुआट्स के जैव प्रौद्योगिकी विभाग में मनाया गया जेनेसिस -2022

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नैनी, प्रयागराज।** सोसाइटी ऑफ बायोटेकनेलॉजी (एसओबी) का उद्घाटन समारोह 'जेनेसिस -2022' किया और छात्रों के जीवन में पाठ्य सहगामी गतिविधियों के महत्व पर जोर दिया। सत्र 2022-2033 के लिए सोसायटी के नवनिर्वाचित आधारित सीखने के लिए प्रोत्साहित किया और जैव प्रौद्योगिकी में कैरियर के अवसरों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वाद-विवाद,




का आयोजन बृहस्पतिवार को मालीक्यूलर व सेलुलर इंजीनियरिंग विभाग, जैकब इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेकनेलॉजी एंड बायोइंजीनियरिंग, सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेकनेलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स) में किया गया। सोसायटी के संरक्षक प्रो. (डॉ.) जोनाथन ए लाल, प्रति कुलपति (शैक्षिक) एवं डीन हैं। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) आरिफ ब्रॉडवे, निदेशक विस्तार, ने छात्रों को प्रेरित कार्यकारी सदस्यों की घोषणा की गई और जैकब इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेकनेलॉजी एंड बायोइंजीनियरिंग के संकाय सदस्यों ने सभी को प्रोत्साहित किया। मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआईटी), प्रयागराज के डॉ. जोयब्रत मल समारोह में आमंत्रित वक्ता थे। उन्होंने अपशिष्ट जल उपचार के लिए विभिन्न मौजूदा दृष्टिकोणों पर बात की और छात्रों को अनुसंधान जैम, प्रशनेत्तरी और पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें छात्रों बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। प्रो. (डॉ.) रुबीना लॉरेंस, सोसाइटी ऑफ बायोटेकनेलॉजी की संयोजक, और स्टाफ एडवाइजर्स डॉ. जिष्णु नस्कर, डॉ. सैम ए. मसीह और डॉ. ब्रुसीमोल के. एलेक्स ने विभिनन्‍ प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रमाण पत्र सौंपे और छात्रों को उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित किया।

# अंतर्राष्ट्रीय हृदय दिवस मनाया गया

## शंभू नाथ रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड हॉस्पिटल के कोलैबोरेशन के साथ सेमिनार आयोजित किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय हृदय दिवस के अवसर पर दिनांक 29.9.2022 को यू आर हेल्थ एकेडमी ने उत्थान शंभू नाथ रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड हॉस्पिटल के कोलैबोरेशन के साथ सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार के गेस्ट ऑफ ऑनर रहे डीसी लाल प्रोफेसर एंड हेल्थ इलाहाबाद यूनिवर्सिटी और मुख्य अतिथि रहे श्री के के तिवारी। सेक्रेटरी उत्थान शंभू नाथ रिसर्च इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड हॉस्पिटल कार्यक्रम के गेस्ट स्पीकर डॉक्टर दीपक कुमार डोगरा सहायक प्रोफेसर वाराणसी हिंदू यूनिवर्सिटी। डॉ नीरज जैन रिटायर्ड असिस्टेंट प्रोफेसर लखनऊ यूनिवर्सिटी एंड डॉक्टर रितु गुप्ता एमडी , पेडिएक्ट्रीशियन, प्रीति नर्सिंग एंड मेटरनिटी होम प्रयागराज ने अपनी बातों से ऑडियंस को प्रेरित किया। और इस कार्यक्रम मैं गेस्ट के रुप मैं (नेशनल हुमन राइट्स एंड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो) प्रयागराज टीम के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया जिसमें वूमेन विंग- अध्यक्षा श्वेता साहू , यूथ विंग- अध्यक्ष सिद्धांत केसरवानी, जनरल विंग अध्यक्ष खालिद।




# भाजपा मंडल पदाधिकारियों के घर पहुंचे मंत्री नन्दी


## स्टेनली रोड की रहने वाली ट्रेनी आईपीएस अंशिका वर्मा के घर जाकर दी बधाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रयागराज से दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने आज प्रयागराज शहर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारियों मंडल अध्यक्षों मंडल महामंत्री एवं वार्ड अध्यक्षों के घर जाकर सनेहिल भेंट वार्ता की. इस दौरान मंत्री नन्दी ने पदाधिकारियों से हालचाल लिया एवं उनके परिजनों से भी मुलाकात की। मुलाकात के दौरान ही मंत्री नन्दी ने आसपास के रहने वाले लोगों से भी भेंट वार्ता की। उनकी समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों से वार्ता कर तत्काल समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। मंत्री नन्दी स्टेनली रोड के रहने वाले रिटायर्ड चीफ इंजीनियर अनिल वर्मा के घर पहुंचे। जहां उन्होंने पिछले दिनों आईपीएस पद के लिए चयनित अनिल वर्मा जी की पुत्री अंशिका वर्मा को आईपीएस के लिए चयनित होने पर बधाई दी। आईपीएस 2021 अंशिका वर्मा इन दिनों नेशनल पुलिस अकादमी हैदराबाद में ट्रेनिंग कर रही हैं। इन दिनों अपने घर प्रयागराज आई हैं। मंत्री नन्दी ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। गुरुवार को मंत्री नंदी ने मंडल महामंत्री रवि निषाद, मंडल अध्यक्ष ज्ञान बाबू केसरवानी, शिवम पाल, जितेंद्र गुप्ता, संदीप पाल, रामलोचन साहू, अजय कुमार कुशवाहा, नारायण केसरवानी, धर्मेंद्र केसरवानी के घर जाकर मुलाकात की। इस दौरान भाजपा महानगर उपाध्यक्ष अनिल केसरवानी झल्लर, मंडल अध्यक्ष कोशिकी सिंह, प्रेम नारायण केसरवानी, मनोज गुप्ता आदि मौजूद रहे।



# सरकारी अस्पताल में बच्चे की हालत देख खुद रो पड़ीं आईएएस अधिकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** लखनऊ मंडल की आयुक्त रोशन जेकब एक ग़रीब और असहाय माँ के बेटे की पीड़ा देखकर रो पड़ीं। कमिशनर रोशन की आँखों से छलक रहे थे। हर किसी के भीतर ऐसी करुणा भरी रहे। रोशन जेकब को सलाम आपने एक ग़रीब माँ को उम्मीदों से रौशन किया है। उसके बेटे की परवाह की है। आज की नौकरशाही में कई सारे अच्छे अफ़सर मिलते हैं, जो चुपचाप लोगों की सेवा करने में लगे रहते हैं। पीछे नहीं रहते। भले कुछ लोग इस पद का लाभ उठाकर सत्ता की परिक्रमा कर रहे हैं मगर ये जुनूनी अफ़सर दिल से काम करते हैं। कई लोगों ने लिखा है कि रोशन अच्छी अफ़सर रही हैं। जब किसी अफ़सर की आँखें छलक जाती हैं तो लगता है कि चलो किसी ग़रीब का भला हो गया। वीडियो में अपने बच्चे के इलाज की व्यवस्था होते देखकर वह माँ आयुक्त रोशन को जिस तरह से हाथ जोड़ कर आभार व्यक्त करती है, उससे ज़्यादा किसी को क्या चाहिए।






# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रमों की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफ्रिजिरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |

प्रस्तुत विभन्न पाठ्क्रमों में रिक्त की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्रः** सफल**प्रशिक्षणार्थियों** को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते **सभी** सीटों पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोटः** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा **विद्यार्थियों** के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः **15, अक्टूबर 2022**
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

**नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज**
सम्पर्क सूत्रः– 751882871, 9415608710, 6386474074, 9415608790

# महाप्रबंधक ने डीआरएम संग निरीक्षक के दौरान पूरी गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने का दिया निर्देश

## दोहरीकरण संबंधित विकास कार्यों का किया गहन निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया/छपरा।** वाराणसी मंडल पर दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण कार्यों के अंतर्गत यार्ड रिमाडलिंग कार्य योजना और उसके क्रियान्वयन की समीक्षा कर लक्ष्यावधि में कार्यों की पूर्णता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे श्री अशोक कुमार मिश्र ने आज गुरुवार को अपने एक दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक,वाराणसी श्री रामाश्रय पाण्डेय के साथ गोरखपुर स्टेशन से निरीक्षण स्पेशल गाड़ी से रवाना होकर छपरा जं0 पहुँचें और यार्ड रिमाडलिंग,सेकेण्ड इंट्री समेत दोहरीकरण संबंधित विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया।महाप्रबन्धक श्री अशोक कुमार मिश्रा ने अपने निरीक्षण के दौरान छपरा जं0स्टेशन पर परिचलनिक सुगमता के अंतर्गत छपरा जं यार्ड रिमाडलिंग कार्य योजना, छपरा-बलिया रेल खण्ड के दोहरीकरण के निमित्त विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और दोहरीकरण के क्रम में यार्ड रिमॉडलिंग कार्य को फरवरी- 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य दिया।इसी क्रम में छपरा के सेकेण्ड इन्ट्री के सभी कार्यों को इसी वर्ष माह दिसम्बर तक पूरा किये जाने का निर्देश दिया उन्होंने सभी कार्य पूरी गुडवत्ता के साथ लक्ष्य अवधि मे पूरा करने का संबंधित को निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त महाप्रबंधक ने छपरा जं पर साफ-सफाई, खान-पान स्टॉल,



भोजनालय, सामान्य यात्री हाल, स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग स्थलों का व्यापक निरीक्षण किया और रख-रखाव एवं सफाई पर संबंधित को दिशा निर्देश दिया। तदुपरान्त महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे श्री अशोक कुमार मिश्र मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी श्री रामाश्रय पाण्डेय, के साथ छपरा-औड़िहार रेल खण्ड पर विन्डो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए सुरेमानपुर स्टेशन पहुँचे।इस दौरान सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर महाप्रबंधक ने छपरा-बलिया रेल खण्ड के विद्युतीकृत लाइन के साथ दोहरीकरण के अनुरूप सुरेमनपुर स्टेशन पर नए स्टेशन भवन,नए केंद्रीकृत स्टेशन पैनल, पैदल उपरिगामी पुल तथा विभिन्न परिचालनिक उन्नयन सुधार कार्यों की कार्य योजनाओं का निरीक्षण किया एवं संबंधित को सभी कार्य पूरी गुडवत्ता के साथ समय सीमा के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया।पूर्वोत्तर रेलवे मण्डल रेल प्रबंधक के जनसम्पर्कअधिकारी वाराणसी अशोक कुमार मीडिया को बताया कि महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार मिश्रा ने अपने निरीक्षण यान के रियर विंडो से छपरा-औड़िहार रेल खण्ड के विंडो ट्रैलिंग के दौरान रेलवे ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग एवं ओवर हेड ट्रैक्शन की मानिटरिंग की और इस खण्ड के स्थाई एवं अस्थाई सतर्कता आदेशों का संज्ञान लिया और यथा सम्भव कार्यवाही कर अवरोधों को कम करने का निर्देश दिया। इसके उपरान्त महाप्रबंधक अपने निरीक्षण के क्रम में छपरा-बलिया-औड़िहार रेल खण्ड का विण्डोट्रेलिंग निरीक्षण करने हेतु रवाना हुए।इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण राजीव कुमार प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर श्री ए.के. शुक्ला, प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री अनिल कुमार मिश्रा, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबन्धक श्री संजय त्रिपाठी, अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री राहुल श्रीवास्तव तथा मुख्यालय और मंडल के वरिष्ठ अधिकार उपस्थित मौजूद रहे।

# बलिया में गला काटकर अधेड़ की हत्या : रेलवे ट्रैक के किनारे मिला हाथ-पैर बंधा शव,जांच में जुटी पुलिस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।** जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के हेमंतपुर गांव के पास गुरुवार



की सुबह रेलवे ट्रैक के किनारे हरेराम राम (52) का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। मृतक के दोनों हाथ पीछे की तरफ बंधे हुए थे। उसके पैर को भी बांधा गया था,जबकि धारदार हथियार से गला रेता गया था। परिजनों का आरोप है कि हत्यारों ने हरे राम को उनके डेरे से लाकर ट्रैक के किनारे हत्या को अंजाम दिया गया है। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गयी। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने भी घटना स्थल का निरीक्षण कर मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।घटना के संबंध मे बताया जा रहा है कि हरे राम अपने घर से कुछ दूरी पर गंगापुर गांव के निकट अपने डेरे पर खाना खाने के उपरान्त सोए हुए थे। रात में हत्यारों ने उन्हीं के लोवर उनका हाथ पैर बांध दिया और बड़ी ही निर्ममता पूर्वक गला रेत कर हत्या कर दिया। गुरुवार की सुबह रेलवे ट्रैक के किनारे खून से लथपथ हरेराम राम का शव देख लोग दंग रह गये। आशंका व्यक्त किया जा रहा है कि रेलवे लाइन के किनारे शव रखने का मतलब निर्मम हत्या को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास था। हरेराम की पतनी चन्द्रावती व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हरे राम के दो लड़के हैं। बड़ा लड़का केरल में प्राइवेट नौकरी करता है।


# शिक्षा माफिया केएल पटेल की करोड़ों की संपत्ति होगी कुर्क, गैंगस्टर एक्ट के तहत होगी कार्रवाई



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रदेश में निकले 69हजार शिक्षकभर्ती में धांधली के मुख्य आरोपी केएल पटेल की अपराध से अर्जित की गयी अवैध संपत्तियों की आज कुर्की की जाएगी। शिक्षा माफिया केएल पटेल का प्रयागराज में शैक्षणिक संस्थाएँ और आलीशान मकान हैं। इनकी कीमत करीब 50 करोड़ रुपये है। प्रशासन गैंगस्टर एक्ट के तहत इन पर कार्यवाही करेगा।69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती में नौकरी दिलवाने के नाम पर फर्जीवाड़ा करने के आरोप में पुलिस ने केएल पटेल को गिरफ्तार किया था। उस पर आरोप था कि उसने शिक्षक भर्ती में नौकरी दिलाने के नाम पर अभ्यर्थियों से करीब आठ लाख रुपये तक की वसूली की थी। जिसके बाद नौकरी न मिलने पर अभ्यर्थी ने क्ष्सोरांव थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था।इसके बाद पुलिस ने केएल पटेल के गैंग को रजिस्टर्ड करते हुए सोरांव थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। कार्रवाई के लिए पुलिस ने सोरांव और क्ष्फूलपुर एसडीएम के यहां इनकी संपत्ति से जुड़ी रिपोर्ट भेजी थी। जहां से कुर्की व अन्य कार्रवाई के निर्देश मिलने पर अब एक्शन लिया जा रहा है।

# शहर में 16 से 18 तक रहेंगे मोहन भागवत, कई कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखिया मोहन भागवत 16 से 18 अक्तूबर तक प्रयागराज में प्रवास पर रहेंगे। दो साल में यह तीसरा मौका होगा जब संघ प्रमुख संमगनगरी आएंगे। वह यमुनापार के गौहनिया स्थित वशिष्ठ वात्सल्य पब्लिक स्कूल परिसर में होने जा रही आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में हिस्सा लेंगे। बैठक में संघ के शीर्ष पदाधिकारियों के साथ ही हर प्रांत से प्रांत संघचालक, प्रांत कार्यवाह व प्रांत प्रचारक भाग लेंगे। बैठक में प्रांतों के प्रतिनिधि सेवाकार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करेंगे और संगठन के आगे की कार्ययोजना पर चर्चा होगी।




# रामलीला देखकर लौट रही युवती से बदमाशों ने छीना बैग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** सिविल लाइंस के ड्रमंड रोड पर गुरुवार रात रामलीला देखकर लौट रही युवती का बाइक सवार बदमाशों ने बैग छीन लिया। घटना से हतप्रभ युवती ने शोर मचाया लेकिन बदमाश भाग निकले। परेशान हाल युवती घर पहुंची और आपबीती सुनाई। इसके बाद युवती के पिता संतोष कुमार सोनकर ने सिविल लाइंस थाने पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तहरीर ले ली है। इंस्पेक्टर सिविल लाइंस वीरेंद्र सिंह का कहना है कि घटना की जानकारी हुई है। सीसीटीवी फुटेज देखकर बदमाशों की पहचान की जा रही है। मौके पर पुलिस टीम को भी भेजा गया है। मौजूद लोगों से भी जानकारी की जा रही है।



# मम्फ़ोर्डगंज में अधेड़ ने की आग लगाकर खुदकुशी



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** कर्नलगंज थाना क्षेत्र के मम्फ़ोर्डगंज इलाक़े में 55 वर्षीय पीयूष कुमार श्रीवास्तव ने अपने ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एसआरएन अस्पताल ले ज़ाया गया जहां डाक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमोर्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार मृतक काफ़ी दिनों से परेशान था।

# बलिया जनपद में एक नवंबर से 44 केंद्रों पर होगी धान की खरीद, पंजीयन की प्रक्रिया शुरू

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया ।** जिले में एक नवंबर से 44 केंद्रों पर धान की खरीद होगी। अभी तक 950 किसानों ने अपना पंजीयन कर लिया है। धान की फसल की कटनी अक्टूबर के अंत



में होगी। इस वर्ष धान का समर्थन मूल्य सामान्य धान 2040 रुपये और ए-ग्रेड धान का एमएसपी 2060 रुपये घोषित किया गया है। पिछले साल सामान्य धान 1940 और ए-ग्रेड 1960 रुपये प्रति क्विंटल खरीद हो रही थी। इस बार समर्थन मूल्य में 100 रुपये का इजाफा किया गया है, इससे किसान खुश हैं। पिछले साल धान की खरीद के लिए कुल 72 क्रय केंद्र खोले गए थे। 28 फरवरी तक इन केंद्रों पर धान की खरीद हुई थी। उसके बाद भी भारी संख्या में किसान अपना धान बिक्री नहीं कर पाए थे। फिर मार्च तक 42 केंद्रों पर खरीद की व्यवस्था विभाग को करनी पड़ी थी। इस बार जिले में खरीद का लक्ष्य अभी निर्धारित नहीं किया गया है। अक्टूबर के अंत तक लक्ष्य का निर्धारण होना है। पिछले साल 1.08 लाख टन धान की खरीद हुई थी। सरकारी आकड़ों के अनुसार इस बार धान का उत्पादन लक्ष्य 3.30 लाख टन है। जिले में प्रति हेक्टेयर उत्पादकता 28.75 क्विंटल है, जबकि किसान फसल की स्थिति को देखकर निराश हैं। किसानों का कहना है कि इस बार बारिश में अभाव में फसल की स्थिति पिछले साल जैसी नहीं है। जिले में 1.14 लाख हेक्टेयर में धान की खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसमें 78 हजार हेक्टेयर की फसल बारिश पर निर्भर है, जबकि 36 हजार हेक्टेयर की फसल की सिंचाई नहर के पानी से होती है। जिले में इस बार 41 फीसद कम बारिश हुई है। वास्तविक बारिश 422.1 मिमी हुई है। पिछले वर्ष 750 मिमी बारिश हुई थी। इस वजह से धान की पैदावार भी अच्छी हुई थी। धान की खरीद के लिए जिले में अभी तक 44 क्रय केंद्रों को खोलने के लिए अनुमोदन हो चुका है। किसान अपना पंजीयन भी करा रहे हैं। एक नवंबर से खरीद शुरू हो जाएगी।




# तमसा नदी में छोड़े गए 1.08 लाख मछलियों के बच्चे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**आजमगढ़।** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड की तरफ से गुरुवार को सिधारी स्थित तमसा नदी के एकलव्य घाट पर मत्स्य संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद दिनेश लाल जीर्णोद्धार होगा और नदी किनारे बन रहे पार्क से यह स्थान रमणीक हो जाएगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य राजकुमार ने बताया कि जिले में दो लाख मछलियों के बच्चों को तमसा नदी में छोड़ने की योजना है जिसमें प्रथम चरण में एक लाख, आठ हजार बच्चे छोड़े अपहरण करने व रेस्टोरेंट का सामान उठा ले जाने की धमकी दी थी। सुमित कुमार चौबे निवासी बद्दोपुर ने कोतवाली में तहरीर दी थी कि भकोले उर्फ सुजीत सिंह निवासी उकरौडा व उनके सदस्यों ने मोबाइल पर धमकी देते हुए 50 हजार रुपये की मांग की है।



यादव ने विधि-विधान पूर्व रिवर रैंचिंग व जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रोहू, कतला व नैन प्रजाति एक लाख, आठ हजार मछली के बच्चों को नदी में छोड़ा गया। सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच है। इससे मछली उत्पादन और इस व्यवसाय से जुड़े लोगों की आय में वृद्धि होगी। मछुवारा समुदाय के लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने एकलव्य घाट का निरीक्षण किया। बताया कि घाट का सुंदरीकरण होगा जिससे श्रद्धालुओं को पूजन-अर्चन में परेशानी न हो। मंदिर का गए हैं। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सदर ध्रुव कुमार सिंह, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रभान निषाद, भाजपा किसान मोर्चा लालगंज के जिलाध्यक्ष ज्योति प्रसाद सिंह, उप निदेशक मत्स्य सर्वेश कुमार वर्मा, सहायक निदेशक मत्स्य मऊ रिचा चौधरी आदि थे। आजमगढ़। रानी की सराय पुलिस ने हाइवे रिंग रोड सेमरहा अंडर पास के पास से रेस्टोरेंट संचालक से रंगदारी मांगने वाले भकोले सिंह उर्फ सुजीत गिरोह के चार सदस्यों को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। बदमाशों ने रंगदारी न देने पर संचालक को धनराशि न देने पर अपहरण करवा देने और रेस्टोरेंट का सभी समान उठा ले जाने व जान से मारने की धमकी दी गई। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। विवेचना में अशद जमाल निवासी चकिया थाना मुबारकपुर, सूरज सिंह निवासी हाफिजपुर थाना कोतवाली, सत्यम विश्वकर्मा निवासी नीबी थाना रानी की सराय व खलील निवासी बंदीकला थाना मोहम्मदाबाद गोहना जिला मऊ का नाम प्रकाश में आया। उपनिरीक्षक चंद्रशेखर ने रंगदारी मांगने वाले चारों आरोपितों को हाइवे रिंग रोड सेमरहा अंडर पास से गिरफ्तार कर लिया।

# अज्ञात कारणों के से हुई मौत, कई दिन बीतने के बाद भी नही पहुंचे मुख्य चिकित्सा अधिकारी

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा की गई घोर लापरवाही कत्तई नही

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र (डाला)।** विकास खण्ड चोपन के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटा के टोला पतगड़ी और नेटीया डाड में एक ही दिन में हुए 4मौत हुई। शोकाकुल परिवार में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष के साथ व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुकेश जैन पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार बबलू दिव्य विकास सिंह पहुंच कर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दिया। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मवीर तिवारी ने कहा कि जिस तरीके से एक ही दिन तीन लोग रामनरेश उम्र लगभग 60 वर्ष लल्लू पुत्र रमाशंकर उम्र लगभग 8 वर्ष रामनाथ उम्र लगभग 60 वर्ष रात में भोजन करके सोए और सुबह मौत हो गई उस मामले में आज तक मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा घोर लापरवाही की गई और टीम बनाकर खानापूर्ति कर दिया गया लेकिन मौके पर जाकर देखना भी जरूरी नहीं समझे मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सरकार की मंशा के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है ना तो ग्रामीण क्षेत्रों में दौरा करके पीएचसी सीएचसी सेंटर का निरीक्षण किया जा रहा है बल्कि मनमाने तरीके से भ्रष्टाचारियों का एक गिरोह बनाकर केवल सरकार को बदनाम कर रहे है वहीं दूसरी ओर डाला क्षेत्र में अल्ट्राटेक जैसी बड़ी कंपनी होने के बाद भी आस-पास के गांव में सीएसआर के मध्य से कोई भी चिकित्सा व्यवस्था ग्रामीणों को गरीबों को उपलब्ध नहीं कराई जा रही है आसपास के क्षेत्रों में अज्ञात बीमारी के कारण आए दिन मौत होती है लेकिन स्वास्थ्य महकमा केवल मुख्यालय पर भ्रमण करता दिखाई देता है जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा सोनभद्र में सरकार की कई जन कल्याणकारी योजनाएं चल रही है मुफ्त में गांव गांव स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा दवा बाटी जा रही है लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा अपनी जिम्मेदारी का दुरुपयोग करते हुए शासन को बदनाम करने की एक साजिश की जा रही है धर्मवीर तिवारी ने कहा कि कोटा ग्राम पंचायत में अलग से स्वास्थ्य कैंप लगाकर ग्रामीणों की जांच की जाए और सरकार द्वारा मिल रहे मुफ्त दवाओं का वितरण कराया जाए तथा साथ ही औद्योगिक संस्थाओं के सीएसआर मध्य ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले स्वास्थ्य सेवा में खर्चे की जांच की जाए। साथ में रामा गौड़, राजेश पटेल, सुदामा गौड़, राम प्रसाद गौड़,रामबरन गौड़,रामा शंकर गौड़, कमलेश गौड़ आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।



# पॉक्सो एक्ट दोषी हीरा कोल को उम्रकैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र ।** पांच वर्ष पूर्व 6 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए छेड़छाड़ के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी हीरा कोल को उम्रकैद एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि 50 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक घोरावल कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 2 जुलाई 2017 को घोरावल कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया था कि एक जुलाई 2017 को शाम 6 बजे उसकी 6 वर्षीय नाबालिग नातिन हैंडपंप पर पानी लेने गई थी। जहां पर पहले से मौजूद घोरावल कोतवाली क्षेत्र के पेढ़ गांव निवासी हीरा कोल पुत्र शिवधारी कोल ने नातिन के साथ छेड़छाड़ करने लगा। शोरगुल की आवाज सुनकर उसके अलावा गांव घर के तमाम लोग आ गए तो लोगों को देखकर हीरा कोल भागने लगा। जिसे दौड़ाकर पकड़ लिया गया। इस तहरीर परघोरावल कोतवाली पुलिस ने 2 जुलाई 2017 को पॉक्सो एक्ट एवं छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी हीरा कोल को उम्रकैद एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। वही अर्थदंड की समूची धनराशि 50 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि,सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह एडवोकेट ने बहस की।



# अवैध परिवहन कर रहे वाहनों से खन्न विभाग एवं परिवहन विभाग द्वारा लगभग रू0 35.00 लाख की राजस्व क्षतिपूर्ति / जुर्माना की जायेगी वसूली

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में श्री आशीष चौधरी, खान अधिकारी, मीरजापुर, श्री मनोज कुमार यादव, सर्वेक्षक, श्री मो0 खालिद, खनिज मोहर्रिर एवं श्री अरशद इकबाल, खनिज मोहर्रिर, खनिज विभाग, मीरजापुर द्वारा दिनांक 28/29 सितम्बर, 2022 को रात्रि में विशेष अभियान चलाकर उपखनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों की औचक जाँच की गयी। जाँच के दौरान बिना परिवहन प्रपत्र / ओवरलोड परिवहन करने वाले 01 वाहन को पुलिस चौकी-बरकछां मे, 03 वाहनों को थाना- लालगंज में, 02 वाहनों को पुलिस चौकी - लहंगपुर में, 01 वाहन को चौकी करनपुर में, 01 वाहन को थाना-चील्ह में, 02 वाहनों को पुलिस चौकी-टेढ़वा में, 01 वाहन को पुलिस चौकी - शक्तेसगढ़ में 05 वाहनों को पुलिस चौकी-कजरहट (थाना कोतवाली चुनार) में सीज कर जिलाधिकारी के अग्रिम आदेशों तक पुलिस अभिरक्षा में दिया गया तथा 03 वाहनों का ऑनलाइन चालान किया गया। उक्त के अतिरिक्त श्री अश्वनी कुमार, उप जिलाधिकारी, मडिहान, मीरजापुर, के निर्देश पर श्री फूलचन्द्र यादव, तहसीलदार, मडिहान द्वारा मिट्टी का बिना अनुज्ञप्ति स्वीकृत कराये अवैध परिवहन करने वाले 02 ट्रैक्टर मय ट्राली तथा 01 ट्रक को उपखनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करने पर पकड़ा गया, जिसको खनिज विभाग द्वारा तहसील - मडिहान में सीज किया गया। इस प्रकार कुल 22 वाहनों को पकड़ा गया, जिसमें से 19 वाहनों को जिलाधिकारी के अग्रिम आदेशों तक पुलिस अभिरक्षा में खड़ा करा दिया गया है तथा 03 वाहनों का ऑनलाइन चालान किया गया। उपरोक्त वाहनों पर नियमानुसार देय खनिज की रायल्टी, खनिमुख मूल्य एवं आरोपित शास्ति की वसूली के अतिरिक्त उपखनिजों का ओवरलोड परिवहन कर रहे वाहनों में परिवहन प्रपत्र जारी करने वाले खनन पट्टाधारकों से भी प्रति वाहन रु0 25000 शास्ति की वसूली हेतु अलग से कार्यवाही की जा रही है। उपखनिजों का ओवरलोड परिवहन कराने वाले पट्टेधारको और क्रशर स्वामियों के विरूद्ध भी विधिक कार्यवाही की जायेगी। उपरोक्त वाहनों से खन्न विभाग एवं परिवहन विभाग द्वारा लगभग रू0 35.00 लाख की राजस्व क्षतिपूर्ति / जुर्माना वसूली की जायेगी ।



# मारपीट के मामले में 2 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र (डाला)।** चोपन थाना क्षेत्र के अम्मा टोला में पैसे के लेन देन को लेकर हुई मारपीट में एक घायल हुआ मुकदमा दर्ज आज बृहस्पतिवार को चोपन थाना से मिली जानकारी के अनुसार बिते दिन थाना क्षेत्र के अंतर्गत अम्मा टोला में पैसे लेन देन को लेकर हुई मारपीट में भोला पुत्र श्यामू केवट गंभीर रूप में घायल हो गया जिसके उपरांत रूपन देवी पत्नी श्यामू केवट निवासी अम्मा टोला कोटा ने चोपन थाना में तहरीर दिया और चोपन पुलिस तहरीर के आधार पर अग्रीम कार्यवाही करते हुए रंजन अंगद के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

# खाद्य आपूर्ति की दुकान से डीएम , एसपी ने चख पूड़ी सब्जी का स्वाद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**विन्ध्याचल।** शारदीय नवरात्र के दौरान रेलवे स्टेशन के समीप श्रद्धालुओं को सस्ता भोजन उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी के आदेश पर खाद्य आपूर्ति विभाग के द्वारा एक पूड़ी सब्जी की दुकान खोली गई है । मात्र दस रुपये में पाँच पूड़ी सब्जी आम दर्शनाथियों की भूख को तो राहत पहुंचा ही रही है साथ मे उनकी जेब पर भी बोझ नही बनने दे रही है । नवरात्र के तीसरे दिन रात्रि भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिसअधीक्षक संतोषकुमार मिश्र ने उक्त दुकानपर पहुंचकर पूड़ी सब्जी खाया । खाने के बाद डीएम ने स्वाद को लेकर संतुष्टि दिखाई और दुकानपर उपस्थित कर्मचारियों से कहा कि ऐसे ही गुडवत्ता बनाये रखिये । श्रद्धालुओं को गरम गरम खादय सामग्री उपलब्ध कराएं । कढ़ाई के तेल को आवश्यकता के अनुसार ही गर्म करें ।




# जिलाधिकारी ने नवनिर्मित रैन बसेरा का भ्रमण कर किया निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(विन्ध्याचल) मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने अधिकारियों के साथ नवरात्र में नवनिर्मित रैन बसेरा का भ्रमण कर किया निरीक्षण। साथ में अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी।



मेला क्षेत्र में तारा मंदिर, रामेश्वर मंदिर शिवपुर, रामगया घाट, छोटकी महुरिया

# सोनभद्र में 19 स्थानों पर कोविड टीकाकरण का बूस्टर डोज लगा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत वृहस्पतिवार को जनपद के 19 स्थानों पर कोविड टीकाकरण बूस्टर डोज का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने नई बाजार केन्द्र का फिता काटकर उद्घाटन किया। वहीं राज्यसभा सांसद रामशकल राबर्ट्सगंज टीकाकेन्द्र का उद्घाटन किया। इसी तरह घोरावल विधायक डॉ0 अनिल कुमार मौर्य शाहगंज केन्द्र का उद्घाटन किया। चोपन स्वास्थ्य केन्द्र पर चोपन ब्लॉक प्रमुख लीला देवी गोंड, सलखन केन्द्र पर भाजपा जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद, केकराही केन्द्र पर जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्य, मधुपुर स्वास्थ्य केन्द्र पर शंम्भूनारायण सिंह, शक्तिनगर केन्द्र पर जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह गौतम, घोरावल केन्द्र पर कैलास बैसवार, घोरावल 2 केन्द्र पर अरुण पाण्डेय, विण्ढमगंज केन्द्र पर राकेश केशरी सहित सभी केन्द्रो पर भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि व पदाधिकारी मौजूद रहे। कैम्प के माध्यम से आम जन को कोरोना की प्रथम, द्वितीय एवं बूस्टर डोज लगाई गयी। भ्रांतियो का निराकरण करते हुए सबको कोविड वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता, सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत, संतोष शुक्ला, कमलेश चौबे, बलराम सोनी, अनूप तिवारी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** विंध्याचल मां विंध्यवासिनी मंदिर की छत से सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों ने एक व्यक्ति को संदिग्ध गतिविधियों में पकड़ा। चार-चार पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ रखा था, पर वह उनके चंगुल से छूटने का जबरदस्त प्रयास करता रहा । बड़ी मशक्कत के बाद कोतवाली से सरकारी बोलेरो मंगाकर कोतवाली भेजा गया । पर गाड़ी में बैठने के पूर्व उसने गाड़ी का दरवाजा भी तोड़ दिया । मन्दिर सुरक्षा प्रभारी सीपी पाण्डेय ने बताया कि एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। व्यक्ति मन्दिर की छत पर संदिग्ध हालत में बैठा हुआ था । उससे जब पूछा गया तब उसने जो भी उत्तर दिया वह संतोषजनक नहीं था। पुलिस ने जब उसे अपने साथ चलने को कहा तब वह भागने का प्रयास करने लगा । प्रभारी के अनुसार अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है ।

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** हलिया विकास खंड के बरौंधा स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज की भौतिक विज्ञान की प्रवक्ता व पूर्व प्रभारी प्रधानाचार्य ज्योति गोयल को अपर शिक्षा निदेशक राजकीय केके गुप्ता ने निलंबित कर दिया है। इस मामले में संबंधित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को जिला विद्यालय निरीक्षक पहले ही निलंबित कर चुके हैं।

# दिए गए तहरीर के आधार पर 6 चोरों को किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** सोनभद्र रेणुकूट में बृजेश जयसवाल पुत्र श्री गोपाल गुप्ता निवासी ग्राम मुर्धवा द्वारा रेणुकूट चौकी में तहरीर देकर चोरी की घटना से अवगत कराते हुए पिपरी थाना पर मु0अ0सं0- 135/22 धारा 380/381/411 भवदि पंजीकृत करते हुए चोरी गए 13 अदद कॉपर धातु की सिल्ली को हिंडालको प्लांट गेट रेणुकूट से बरामदगी कर 06 नफर अभियुक्त गण- अरविंद कुमार प्रजापति पुत्र0 राम सजीवन उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम गंभीरपुर थाना म्योरपुर सोनभद्र।संतोष कुमार जयसवाल पुत्र0 जयप्रकाश जयसवाल उम्र 30 वर्ष निवासी धौ की नाला रेणुकूट थाना पिपरी सोनभद्र। दीनानाथ प्रजापति पुत्र0 श्री महेश प्रजापति उम्र 29 वर्ष निवासी शिवा पार्क रेणुकूट थाना पिपरी सोनभद्र।सुशील यादव पुत्र0 गणेश यादव उम्र 25 वर्ष निवासी चाचा कॉलोनी रेणुकूट थाना पिपरी सोनभद्र। सुधीर कुमार पुत्र 0 स्व0 लालचंद उम्र 39 वर्ष निवासी खैराही थाना में म्योरपुर। राजेश जयसवाल पुत्र 0 जयप्रकाश जयसवाल उम्र 26 वर्ष निवासी धौकी नाला थाना पिपरी सोनभद्र। अभियुक्तगण उपरोक्त के कब्जे से बरामद चोरी के कॉपर धातु की 13 सिल्ली लंबाई करीब 1 फीट वजन करीब 78 किलोग्राम व अदद मोटरसाइकिल वाहन संख्या अपाचे व 110 को गिरफ्तार करके मा0 न्यायालय भेजा गया ।



# जिले के लिए संजीवनी बूटी बनी टेलीमेडिसिन

## टेलीमेडिसिन के जरिए 1245 मरीजों का हुआ उपचार, बीडीओ कांफ्रेंसिंग के जरिए डॉक्टरों से मिल रही राय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजनान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर टेलीमेडिसीन के जरिए जिले में अब तक कुल 1245 मरीजों का सफल इलाज किया गया। इसमें हृदय रोगी, मानसिक रूप से विक्षिप्त और कैंसर से पीड़ित भी शामिल हैं। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अजय सिंह ने बताया कि जनपद के कुल नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर टेलीमेडिसीन की सुविधा मिल रही है। सभी सम्बन्धित राजकीय अस्पताल आन्ध प्रदेश के हैदराबाद स्थित अपोलो हास्पिटल से सीधे जुड़ गये हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कछवा में सबसे पहले 22 फरवरी 2019 से ही टेलीमेडिसीन की सुविधा शुरू हुई है। इससे मरीजों को बेहतर उपचार दिया जा रहा है। श्री सिंह ने बताया कि 1 अप्रैल 2019 से अब तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अहरौरा में 124 चुनार में 298 जमालपुर में 171 कछवां में 167 लालगंज में 154 मड़िहान में 178 एवं राजगढ़ में 183 रोगियों का टेलीमेडिसीन के माध्यम से इलाज किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपचार के लिए पहुंचने वाले किसी भी रोगी के निदान में आने वाली जटिलताओं को दूर करने के लिए संबंधित चिकित्सक बीडीओ कान्फ्रेंसिंग के जरिए अपोलो अस्पताल के चिकित्सकों से परामर्श लेकर जानकारी प्राप्त करते हैं। डीपीएम ने बताया कि उपचार के लिए परामर्श के अलावा दवा व उपकरण भी उपलब्ध है। जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में टेलीमेडिसीन की सुविधा प्रारम्भ हो जाने से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को काफी सहूलियत मिल रही है। केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल जाने से आर्थिक रूप से पीड़ित मरीजों को अब उपचार के लिये महानगरों की तरफ रूख नहीं करना पड़ रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि गांवों में स्थित सीएचसी पर गम्भीर बीमारियों का उपचार कराना अब सम्भव हो गया है वह भी पूरी तरह निःशुल्क। अपोलो हास्पिटल हैदराबाद के विशेषज्ञ डाक्टर सीएचसी पर आने वाले मरीजों का आनलाइन इलाज कर रहे है। लाभार्थी सराहना- संदीप पुत्र आनन्द ग्राम हिनौता वि0ख0 मड़िहान के रहने वाले ये काफी दिनों से पेट हो रहे दर्द से परेशान थे इन्होने अपना नजदीकी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़िहान पर कराने के लिए सम्पर्क किया उन्होने समझ के बाहर पाते हुए इन्हे मण्डलीय चिकित्सालय रेफर किया। मण्डलीय चिकित्सालय के डाक्टरों ने जांच के बाद बताया कि आपका एक किडनी खराब हो चुका है जिसकी डायलिसिस कराने के लिए टेलीमेडिसीन के जरिये परामर्श लेना होगा जो आपके नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चुनार में मौजूद है इसलिए आपको अब चुनार सामुदायिक केन्द्र पर जाना होगा।



# राबट्र्सगंज कचहरी परिसर स्थित अधिवक्ता भवन में हुई बैठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र ।** अलग राज्य की मांग कर रहे संगठन पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा की एक बैठक वृहस्पतिवार को अधिवक्ता भवन, तहसील परिसर रावटसगंज में प्रदेश अध्यक्ष विमलेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि अलग पूर्वांचल राज्य की आवाज भी उठने लगी है। पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा अलग राज्य के लिए मुहिम तेज करने में जुट गया है। पूर्वांचल के सभी जनपदों में मोर्चा जगह-जगह सभाएं ,गोष्ठी , जागरूकता यात्रा ,साइकिल रैली तथा अन्य तरह से कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी कर रहा है। पूर्वांचल को लंबे समय से राज्य बनाने की मांग चल रही है। केंद्र और प्रदेश सरकार की उपेक्षा के चलते यह मांग पूरी नहीं हुई। इसके लिए गोरखपुर से लेकर इलाहाबाद तक आंदोलन होगा। बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, वाराणसी जनपदों में पूर्वांचल राज्य के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। पृथक पूर्वांचल राज्य के गठन से क्षेत्र के विकास में तेजी आएगी। इससे निचले स्तर के लोगों को ज्यादा लाभ होगा। बड़ा प्रदेश होने के कारण कई जिलों में विकास कार्य सही तरीके से नहीं हो पा रहे हैं। विकास के मामले में पूर्वांचल काफी पिछड़ गया है। पृथक पूर्वांचल के गठन से पूर्वांचल में विकास की गति तेज होगा। उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार एडवोकेट ने कहा किआजादी की लड़ाई और उसके बाद देश के विकास में पूर्वांचल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है, लेकिन खुद पूर्वांचल हमेशा उपेक्षा का शिकार होता रहा है। यहां के लोगों ने देश के कला-साहित्य और संस्कृति को समृद्ध करने में अभूतपूर्व योगदान दिया है, फिर भी पूर्वांचल और यहां के लोगों की लगातार अनदेखी की गई है। बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष शिव प्रकाश चौबे उर्फ राजू चौबे ने किया। इस अवसर पर संजीव कुमार उर्फ काकू सिंह, संतोष चतुर्वेदी, नवीन कुमार पांडे एडवोकेट, अतुल कुमार कनौजिया एडवोकेट, बी पी सिंह एडवोकेट, फूल सिंह एडवोकेट, सत्यम शुक्ला एडवोकेट, दीप नारायण पटेल ,सतीश सिंह, राकेश मिश्रा , महेश सिंह,अशोक कुमार, ललित चौबे आदि लोग उपस्थित थे।

# चेकिंग के दौरान दुकानों पर 6नाबालिग बच्चे काम करते हुए पाए गए

## बालश्रम कि रोकथाम के लिए आज 20दुकानो पर कि गई छापे मारी दी गई नोटिस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र (डाला)।** बालश्रम की रोकथाम हेतु शासन द्वारा चलाया जा रहे अभियान के संबंध में पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्या0)सोनभद्र के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन मे सोनभद्र व श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शहर क्षेत्र कस्बा रॉबर्ट्सगंज में बाल श्रम रोकथाम अभियान चलाया गया, जिसमें 20 दुकानों को चेक किया गया चेकिंग के दौरान 06 नाबालिग बच्चे बालश्रम करते पाए गए , इन्हें बाल श्रम से मुक्त कराते हुए इनके नियोक्ताओं को श्रम विभाग द्वारा निरीक्षण नोट जारी किया गया । चेकिंग के दौरान सभी दुकानदारों को बालश्रम न कराने हेतु जागरूक किया गया । संचालित ढाबा, होटल ,दुकानों आदि की चेकिंग की गयी तथा मालिकों को हिदायत दी गयी कि किसी भी दशा में बाल श्रम ना कराए अभियान में से प्रभारी निरीक्षक रामजी यादव, आरक्षी अमन द्विवेदी ,आरक्षी धनंजय यादव ,महिला आरक्षी शालिनी वैश्य, श्रम विभाग से श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुयश पाण्डेय ने प्रतिभाग किया ।



# रवींद्र जडेजा ने शेयर की मांजरेकर की तस्वीर, दोनों के बीच पहले हुआ था विवाद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और पूर्व भारतीय खिलाड़ी और कॉमेंटेटर संजय मांजरेकर के बीच लगता है अब की जिसमें वह पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन के दौरान माइक पकड़े नजर आ रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि फ्रैंड मैं आपको ऑनस्क्रीन देख रहा हूं। उनके इस पोस्ट पर संजय दोनों के बीच फिर बात हुई थी। 2019 वर्ल्ड कप के दौरान मांजरेकर और रवींद्र जडेजा के बीच उस वक्त विवाद हो गया था जब मांजरेकर ने जडेजा को बिट्स एंड पीसेस




सब कुछ ठीक हो गया है। दरअसल जडेजा ने सोशल मीडिया पर संजय मांजरेकर की एक तस्वीर साझा की जिसके बाद उनका यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है। फिलहाल रवींद्र जडेजा इंजरी के बाद रिहैब में हैं। वह आगामी टी20 वर्ल्ड कप से पहले ही बाहर हो चुके हैं जबकि संजय मांजरेकर इन दिनों भारत में चल रहे लीजेंड्स लीग क्रिकेट में कॉमेंटेटर की भूमिका में हैं। गुरुवार को जडेजा ने संजय मांजरेकर की एक तस्वीर शेयर मांजरेकर ने भी फौरन प्रतिक्रिया दी। उन्होंने हंसते हुए लिखा है कि आपको मैदान पर देखने के लिए उत्साहित हूं। इससे पहले एशिया कप में जब पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद मांजरेकर को रवींद्र जडेजा से बात करनी थी तो उन्होंने अपने अंदाज से सबका दिल जीत लिया था। उन्होंने बात करने से पहले जडेजा से इजाजत मांगते हुए कहा था कि क्या आप मुझसे बात करने में कंफरटेबल हैं जड्डू। इस पर जडेजा ने हामी भरी थी और खिलाड़ी बताया था जिसके बाद जडेजा ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी थी। जडेजा ने लिखा था कि मैंने आपसे ज्यादा मैच खेला है और अभी भी खेल रहा हूं। उन लोगों का सम्मान करना सीखिए जिन्होंने कुछ हासिल किया है। इस घटना के बाद जडेजा ने अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। लेकिन अब रवींद्र जडेजा ने जो तस्वीर शेयर की है उससे लगता है कि दोनों के बीच अब सब कुछ ठीक हो गया है।

# मोहम्मद सिराज होंगे जसप्रीत बुमराह का रिप्लेसमेंट, बीसीसीआइ ने दी जानकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बैक इंजरी के कारण आगामी टी20 वर्ल्ड कप से बाहर होने वाले जसप्रीत बुमराह को लेकर बीसीसीआइ की तरफ से एक अपडेट दिया गया है। बीसीसीआइ की तरफ से जारी एक रिलीज में कहा गया है कि टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि वह कुछ मैचों के लिए सिराज को वापस नहीं बुलाना चाहते थे लेकिन अब बुमराह की इंजरी से टीम को सिराज की जरुरत पड़ गई हालांकि वर्ल्ड कप में बुमराह के रिप्लेसमेंट को लेकर अभी बीसीसीआइ की तरफ से कोई मॉनिटर कर रही है। इससे पहले दीपक हुड्डा भी चोट के कारण साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से बाहर हो गए थे और श्रेयस अय्यर और शहबाज अहमद को टी20 टीम में शामिल किया गया था। साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरा मैच 2 अक्टूबर को गुवाहाटी




साउथ अफ्रीका के खिलाफ बचे दो टी20 मैच के लिए उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को शामिल कर लिया गया है। सिराज फिलहाल काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं और अपनी गेंदबाजी से धमाल मचा रहे हैं। इससे पहले जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज शुरू होने से पहले मोहम्मद शमी के कोरोना पॉजिटिव होने के कारण उमेश यादव को शामिल किया गया तो जानकारी नहीं दी गई है। गुरुवार को पीटीआई के हवाले से खबर आई थी कि बैक इंजरी के कारण बुमराह आगामी टी20 वर्ल्ड कप नहीं खेलेंगे। एशिया कप के बाद बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में वापसी की थी लेकिन साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मैच में वह प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं थे।बीसीसीआइ की तरफ से कहा गया है कि मेडिकल टीम उनको और तीसरा और आखिरी मैच 4 अक्टूबर को इंदौर में खेला जाएगा जिसके बाद टीम इंडिया वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना हो जाएगी। रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, रिषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, दीपक चाहर, उमेश यादव, श्रेयस अय्यर, शाहबाज अहमद, मो. सिराज।

# दीपक चाहर और अर्शदीप सिंह के आगे साउथ अफ्रीका के बल्लेबाजों ने टेके घुटने


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** काफी समय से आलोचना झेल रहे भारतीय तेज गेंदबाजों ने तिरुअनंतपुरम में स्थितियों का फायदा उठाते हुए दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों पर ऐसा कहर बरपाया कि एक समय लग रहा था कि मेहमान टीम 50 रनों का आंकड़ा भी नहीं पार कर पाएगी। हालांकि बाद में आलराउंडर साउथ अफ्रीका के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। इस मैच में अर्शदीप सिंह ने चार ओवरों में 32 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। वहीं, दीपक चाहर ने 24 रन देकर दो विकेट झटके। इस मैच में अर्शदीप सिंह ने एक ही ओवर में साउथ अफ्रीका के तीन बल्लेबाजों को आउट कर दिया। अर्शदीप सिंह ने अपने पहले ही ओवर में सबसे



वेन पर्नेल के 24 और भारतीय मूल के स्पिनर केशव महाराज के 41 रनों की बदौलत उसे 20 ओवर में आठ विकेट पर 106 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने साउथ अफ्रीका पर आठ विकेट से हरा दिया। इस मैच में साउथ अफ्रीका की आधी टीम महज 2.3 ओवरों में ही पवेलियन लौट चुकी थी। भारतीय तेज गेंदबाज दीपक चाहर और अर्शदीप सिंह के स्विंग का पहले साउथ अफ्रीकी टीम के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक को क्लीन- बोल्ड किया। इसी ओवर में उन्होंने 5वीं गेंद पर राइली रुसो को और छठी गेंद पर डेविड मिलर को आउट किया। पावरप्ले के दौरान साउथ अफ्रीका की टीम 5 विकेट गंवाकर सिर्फ 30 ही रन दिए। गौरतलब है कि बीसीसीआइ ने ट्विटर पर एक वीडियो शेयर किया। इस पोस्ट में लिखा है कि 11 सेकेंड में पांच विकेट देखें।

# टी20 वर्ल्ड कप से पहले हैरिस राउफ ने भारतीय बल्लेबाजों को दी चेतावनी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इस साल टी20 वर्ल्ड कप 16 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट का पहला मैच श्रीलंका और नामीबिया के बीच खेला जाएगा। वहीं, 23 अक्टूबर को भारत का मुकाबला पाकिस्तान




से होने वाला है। इस साल भारत और पाकिस्तान के बीच तीसरी बार टी20 मुकाबला खेला जाएगा। बता दें कि एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच दो मुकाबले हुए।पहले मैच में जहां भारतीय टीम को जीत मिली, वहीं, दूसरी बार पाकिस्तान ने भारतीय टीम को शिकस्त दे दी। इस बार भारतीय टीम वर्ल्ड कप के पहले मुकाबले में पाकिस्तान को हराकर टूर्नामेंट का आगाज, जीत के साथ करना चाहेगी।हालांकि पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया में हराना आसान नहीं होने वाला है। बता दें कि साल 2021 में हुए वर्ल्ड कप में भारत को पाकिस्तान के हाथों 10 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान ने शानदार 152 रनों की पारी खेली थी। वहीं, पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हैरिस राउफ ने शानदार गेंदबाजी की थी।आगामी टी20 वर्ल्ड कप में भारत पाकिस्तान मुकाबले के मद्देनजर हैरिस राउफ ने अपनी गेंदबाजी को लेकर दिलचस्प बात कही है। बता दें कि भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान के साथ 23 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में होगा। इस मैदान को लेकर हैरिस राउफ ने कहा कि यह उनका 'होम ग्राउंड' है।हैरिस राउफ ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवे टी20 मुकाबले के बाद पोस्ट मैच इंटरव्यू के दौरान कहा, 'भारत और पाकिस्तान के बीच मैच हमेशा एक प्रेशर वाला मैच रहता है।

# 2022 में नहीं खेलेंगे जसप्रीत बुमराह, इस कारण टूर्नामेंट से हुए बाहर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टी20 वर्ल्ड कप 2022 में भारत के लिए नहीं खेलेंगे। बुमराह साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए पहले टी20 मैच के लिए उपलब्ध



नहीं हो पाए थे और बाताया गया था कि उनकी पीठ में इंजरी उभर आई है, लेकिन वो अब टी20 वर्ल्ड कप से ही बाहर हो गए हैं। टीम इंडिया के लिए निश्चित तौर पर ये बेहद बुरी खबर है क्योंकि बुमराह भारतीय टीम के बेहतरीन पेसर हैं। बुमराह अब अगले छह महीने के लिए क्रिकेट से मैदान से दूर हो गए हैं। रवींद्र जडेजा के बाद बुमराह का इस तरह से वर्ल्ड कप से बाहर होना भारत के लिए बड़ा झटका है। बुमराह इससे पहले एशिया कप 2022 से भी इंजरी की वजह से बाहर हो गए थे। पीटीआइ के मुताबिक जसप्रीत बुमराह को बैक स्ट्रेस फ्रैक्चर हो गया है जिसकी वजह से उन्हें इस वर्ल्ड कप से बाहर होना पड़ा। बुमराह हाल ही में अपनी इंजरी से ठीक होकर वापस आए थे और उन्हें आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का हिस्सा बनाया गया था। इसके बाद वो पहले टी20 में कंगारू टीम के खिलाफ नहीं खेल पाए थे, लेकिन उन्हें फिर दूसरे और तीसरे टी20 में खेलने का मौका मिला था। वहीं साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच से ठीक पहले ही वो चयन के लिए उपलब्ध नहीं हो पाए थे और उनकी जगह टीम में दीपक चाहर को शामिल किया गया था। टी20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए बुमराह टीम इंडिया की रणनीति का अहम हिस्सा थे और उन्हें इस टूर्नामेंट के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय टीम में जगह दी गई थी। हालांकि बुमराह की जगह किसे टीम इंडिया में मौका दिया जाएगा इसके बारे में कोई खबर अभी सामने नहीं आई है।



# राशिफल



**मेष-:** आज का दिन अच्छा रहेगा. आप बिना थके घर के काम आसानी से पूरे कर लेंगे। पाएँ बेहतर परिणामों के लिए खुद पर विश्वास. कार्यों के प्रति अपना व्यवहार मित्रवत रखें।

**वृष-:** आज आपको मित्रों की ओर से कोई नई खुशखबरी मिलने वाली है. आप समय पर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। आज आपके व्यक्तित्व और क्षमताओं का विकास हो सकता है।

**मिथुन-:** आज के दिन नए कार्यों की शुरुआत पर ध्यान देना चाहिए. अगर आप कोई नया बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो आज का दिन अच्छा है। का ध्यान रखें और उन्हें हाथ से जाने न दें।

**कर्क-:** आज आपके मित्र आपकी मदद करेंगे। किसी मित्र को आपकी सलाह से बहुत लाभ हो सकता है। आपको केवल उन अवसरों के लिए धैर्य रखना होगा जो आपको मिलेंगे।

**सिंह-:** आज का दिन आपके लिए खुशियों भरा रहेगा। जिन कार्यों को आप काफी समय से पूरा करने का प्रयास कर रहे थे, उन कार्यों के बारे में आप ध्यान से सोचेंगे।

**कन्या-:** आज आपको किसी प्रकार की आर्थिक समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा. कार्यक्षेत्र में पहले से बनी हुई योजना को किसी के सामने न रखें अन्यथा दूसरा उसका फायदा उठा सकता है।

**तुला-:** आज भाग्य आपका साथ देगा। आज आप अपने बात करने के तरीके से लोगों का दिल जीत लेंगे। आज आप अपने व्यवहार से ऐसे लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे।

**वृश्चिक-:** व्यापार में विस्तार के साथ ही आप व्यापार जगत में अपनी पहचान बनाएंगे. पिछले कुछ समय से अगर आपका जीवनसाथी रोजमर्रा के कामों में व्यस्त था।


**धनु-:** आज का दिन आपके व्यक्तित्व को निखारने के लिए अच्छा है। आपका अच्छा व्यक्तित्व आपको समाज में एक अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है।

**मकर-:** आज आपको न तो कोई बड़ा खर्च करना चाहिए और न ही कोई वादा करना चाहिए. यह एक सुखद और आनंददायक दिन होगा। आप भी अपने आप में कुछ बदलाव लाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ-:** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज ऑफिस में बॉस आपके काम से खुश हो सकते हैं और इनाम के तौर पर प्रमोशन दे सकते हैं।

**मीन-:** आज अगर आपको मदद की जरूरत है तो आज आपके दोस्त और रिश्तेदार पीछे नहीं हटेंगे. आज आपको कुछ महत्वपूर्ण कार्य निपटाने होंगे।



# बुमराह को लेकर सच निकली शोएब अख्तर की भविष्यवाणी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया को ऐसा झटका लगा है जिसकी भरपाई किसी भी तरीके से नहीं की जा सकती है। दरअसल बैक इंजरी के कारण जसप्रीत बुमराह टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। हालांकि बीसीसीआइ की तरफ से अभी तक इस खबर को लेकर कोई अपडेट नहीं दिया गया है लेकिन पीटीआई के हवाले से कहा गया है कि बुमराह की बैक इंजरी गंभीर है और वह टी20 वर्ल्ड कप में उपलब्ध नहीं होंगे। एशिया कप में भी बुमराह इंजरी के कारण नहीं खेले थे लेकिन एनसीए में रिहैब के बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में वापसी की थी और दो मैचों में 6 ओवर की गेंदबाजी भी की थी। लेकिन जब साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 में वह अंतिम ग्यारह में नहीं थे तो बीसीसीआइ ने जानकारी दी थी कि उन्होंने बैक इंजरी की शिकायत की है और गुरुवार को यह खबर आई कि उनकी यह इंजरी इतनी गंभीर है कि वह ऑस्ट्रेलिया में होने वाले वर्ल्ड कप में नहीं खेलेंगे। उनके इस इंजरी के बाद सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर का एक पुराना वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें उन्होंने बुमराह के बैक इंजरी होने की आशंका जताई थी। टीवी टुडे के एक कार्यक्रम में उन्होंने जसप्रीत बुमराह के बारे में कहा था कि उनका बॉलिंग एक्शन फ्रंटल है। इस एक्शन वाले गेंदबाज अपनी पीठ और कंधे की मदद से गेंद डालते गेंदबाज इयान बिशप, न्यूजीलैंड के गेंदबाज शेन बांड का नाम लिया। उन्होंने कहा कि बुमराह को आप तीनों फॉर्मेट में नहीं खिला सकते आप उसे हर मैच खिलाते हैं, तो एक वर्ष में, वह पूरी तरह से टूट जाएगा। उसे पांच में से तीन मैच में मौका दें और फिर आराम दें।




हैं। फ्रंट-ऑन एक्शन में आप कोई समझौता नहीं कर सकते। एक बार जब इस तरह की इंजरी हो जाती है तो जल्दी पीछा नहीं छोड़ती है चाहे आप जितनी कोशिश कर लें।ठइसके लिए उन्होंने उन गेंदबाजों का उदाहरण भी दिया जिनका एक्शन फ्रंटल था और उन्हें इंजरी के कारण बहुत परेशानी हुई। अख्तर ने वेस्टइंडीज के पूर्व है।मैंने देखा इयान बिशप और शेन बांड अपनी पीठ के साथ संघर्ष कर रहा था और दोनों फ्रंटल एक्शन के गेंदबाज थे। बुमराह को अब इस तरह से सोचने की जरूरत है, मैंने एक मैच खेला, एक छुट्टी ली, और रिहैब के लिए गया।बुमराह को लेकर उन्होंने कहा कि उन्हें अच्छी तरीके से मैनेज करने की जरुरत है। यदि बुमराह को इस चीज पर ध्यान देना होगा अगर उसे लंबे टाइम तक खेलना है।सोशल मीडिया पर शोएब अख्तर का यह वीडियो इसलिए वायरल हो रहा है क्योंकि जो उन्होंने कहा था वह बिल्कुस सच साबित हुआ है। पहले एशिया कप और अब टी20 वर्ल्ड कप से जसप्रीत बुमराह बैक इंजरी के कारण बाहर हो गए हैं।

# इंडिया लीजेंड्स ने आस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में बनाई जगह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंडिया लीजेंड्स ने सचिन तेंदुलकर की कप्तानी में शेन वाटसन की कप्तानी वाली आस्ट्रेलिया लीजेंड्स को 5 विकेट से हराकर रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज टी20 2022 टूर्नामेंट के फाइनल



में जगह बना ली। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच इस टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला रायपुर में खेला गया। इस मैच में भारत ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था और आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 20 ओवर में 5 विकेट पर 171 रन बनाए। भारत ने 19.2 ओवर में 5 विकेट पर 175 रन बनाते हुए 5 विकेट से मैच जीत लिया और फाइनल में पहुंच गया। इंडिया लीजेंड्स को जीत के लिए 172 रन का लक्ष्य मिला था और सचिन की टीम ने इसे हासिल कर लिया। टीम की इस जीत में प्रज्ञान ओझा और इरफान पठान की पारी का बड़ा योगदान रहा। टीम के दिग्गज बल्लेबाज जैसे कि सचिन तेंदुलकर, सुरेश रैना व युवराज सिंह ज्यादा रन बनाने में सफल नहीं हो पाए। नमन ओझा ने 62 गेंदों पर 5 छक्के व 7 चौकों की मदद से 90 रन की पारी खेली तो वहीं आखिरी में इरफान पठान ने 12 गेंदों पर 4 छक्के व 2 चौकों की मदद से 12 गेंदों पर नाबाद 37 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। इंडिया की तरफ से कप्तान सचिन तेंदुलकर ने 10 रन, सुरेश रैना ने 11 रन, युवराज सिंह ने 18 रन, स्टुअर्ट बिननी ने 2 रन जबकि यूसुफ पठान ने एक रन बनाए। वहीं आस्ट्रेलिया की बात करें तो इस टीम की तरफ से कप्तान शेन वाटसन ने 30 रन, ढूलन ने 35 रन, बेन डंक ने 46 रन जबकि कैमरन ह्वाइट ने 30 रन की पारी खेली। आस्ट्रेलिया की तरफ से कप्तान शेन वाटसन ने सबसे ज्यादा दो विकेट लिए जबकि भारत की तरफ से यूसुफ पठान व अभिमन्यू मिथून ने दो-दो जबकि राहुल शर्मा ने एक विकेट लिए।

# भारत के पूर्व क्रिकेटर ने बताई दिलचस्प बात, कहा- टीम इंडिया में नंबर 4 की जगह है फुल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इस समय टी20 फॉर्मेट में सूर्यकुमार यादव का बल्ला आग उगल रहा है। एशिया कप के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए टी20 सीरीज और मौजूदा साउथ



अफ्रीका के खिलाफ खेले जा रहे टी20 सीरीज में सूर्यकुमार यादव जबरदस्त फॉर्म में दिख रहे हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ सूर्यकुमार यादव ने इस पारी में 33 गेंदों पर 3 छक्के व 5 चौकों की मदद से नाबाद 50 रन की पारी खेली और ये रन उन्होंने 151.52 की स्ट्राइक रेट से बनाए। इस समय सूर्यकुमार यादव किसी भी विपक्षी टीम के खिलाफ और हर खतरनाक बॉलिंग लाइन अप के खिलाफ विस्फोटक बल्लेबाजी कर रहे हैं। सूर्यकुमार यादव जिस आक्रमक अंदाज से बल्लेबाजी कर रहे हैं उसे देखने के बाद कई लोगों ने उनकी तारीफ की है। बता दें कि भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने भी सूर्यकुमार यादव की तारीफ की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर का सहारा लेते हुए कैफ ने लिखा, 'चाहे टॉप क्लास स्पिनर हो, पिच में गेंद टर्न कर रही हो, गेंद सिम कर रही हो, टीम मुश्किल परिस्थिति में हो, सूर्यकुमार यादव को किसी बात की चिंता नहीं होती है। भले ही सूर्यकुमार यादव ऑरेंज कैप न जीत पाए मगर वो आपको मैच जिताकर देंगे। कैफ ने आगे कहा,'नंबर-4 पर रूमाल डाल दिया है सूर्या ने। अब वो लंबे समय तक उस स्थान से नहीं हटने वाले बता दें कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ सूर्यकुमार यादव ने केएल राहुल के साथ मिलकर 93 रन की शानदार साझेदारी निभाई।

## सम्पादकीय

# भारत की आर्थिक मोर्चे पर सधे हुए कदम दीर्घकाल में होंगे फायदेमंद

महंगाई आर्थिक मोर्चे पर अभी सबसे बड़ी वैश्विक चुनौती बनी हुई है। भारत में भी यह असहज स्तर पर है, लेकिन कई देशों पर इसका कहर कहीं ज्यादा असर डाल रहा है, जिसकी तपिश हमें भी झेलनी पड़ रही है। हाल के दिनों में रुपये की पतली हुई हालत से लेकर शेयर बाजार पर पड़ती मार के पीछे भी कहीं न कहीं महंगाई का वैश्विक रुझान ही जिम्मेदार है। अमेरिका में बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण के लिए बीते दिनों अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में 75 आधार अंकों की बढ़ोतरी की। फेड के इस कदम ने दुनिया भर के बाजारों और केंद्रीय बैंकों पर दबाव बढ़ा दिया है। यही कारण है कि न केवल भारतीय रुपया, बल्कि तमाम देशों की मुद्रा डालर के आगे कराह रही हैं। ब्रिटिश पाउंड में तो हाल में इतनी गिरावट आई कि एक वक्त उसमें विनिमय कारोबार तक रोकना पड़ गया यही हाल शेयर बाजारों का है, क्योंकि अमेरिका में बढ़ी ब्याज दरों के आकर्षण में विदेशी निवेशक अन्य बाजारों से पैसा निकालकर अमेरिका का रुख कर रहे हैं। वैसे भी फेड केवल इतने पर ही विराम नहीं लगाएगा। उसने संकेत दिए हैं कि ब्याज दरों में बढ़ोतरी का यह सिलसिला कुछ समय तक यूं ही कायम रहेगा। इसके बाद अब यही माना जा रहा है कि कुछ दिन में होने वाली भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति कमेटी यानी एमपीसी की समीक्षा में ब्याज दरों में बढ़ोतरी पर मुहर लगना तय है। इतना ही नहीं, पहले दरों में 25 आधार अंकों की बढ़ोतरी का अनुमान था, लेकिन फेड के ताजा कदम को देखते हुए यदि केंद्रीय बैंक दरों में 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी करता है तो उस पर कोई हैरानी नहीं होनी चाहिवैश्विक महंगाई की समस्या और उससे निपटने के लिए किसी सर्वस्वीकार्य समाधान की राह में सबसे बड़ी मुश्किल उसके रुझान का जटिल स्वरूप है। अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख स्तंभ इस समय महंगाई से परेशान हैं और उनकी इस परेशानी का आधार भी अलग-अलग है। जैसे अमेरिका में यह मांग जनित दबाव से उपजी महंगाई है। कोविड महामारी से निपटने में अमेरिकी प्रशासन ने जो भीमकाय राजकोषीय प्रोत्साहन दिए, उसके चक्रीय प्रभाव ने वहां मांग को बड़े स्तर पर बढ़ा दिया। यही कारण है कि वहां इससे निपटने के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी के पारंपरिक उपाय का ही सहारा लिया जा रहा है। समस्या यही है कि इसका असर पूरी दुनिया के आर्थिक परिदृश्य पर पड़ रहा है। यूरोपीय संघ की हालत भी महंगाई ने खस्ता की हुई है। ये देश मुख्य रूप से ऊर्जा संसाधनों की कीमतों में आई आसमानी तेजी से परेशान हैं, जो रूस-यूक्रेन युद्ध से उपजी समस्या है। गैस की आपूर्ति को लेकर बड़ी हद तक रूस पर निर्भर इन देशों का गणित इस युद्ध से गड़बड़ा गया है। एक तो रूस से तल्खी उन्हें भारी पड़ रही है और दूसरे यूक्रेन से गुजरने वाली पाइपलाइनों के बाधित होने के कारण गैस आपूर्ति बाधित हो गई है। सर्दियों की दस्तक के साथ वहां ऊर्जा की खपत भी बढ़ जाएगी। खैर, इस साल का प्रबंध तो किसी तरह भंडारण किए हुए संसाधनों से हो जाएगा, लेकिन यह समस्या अगले साल विकराल हो जाएगी जब संचित भंडार कम या समाप्त हो जाएंगे। यूरोप के लिए राहत के आसार इसलिए भी नहीं दिखते, क्योंकि रूस और यूक्रेन में किसी समझौते के बजाय टकराव लंबा खिंचने की आशंका अधिक बढ़ गई है। वैश्विक अर्थव्यवस्था के एक और मजबूत स्तंभ चीन में हाउसिंग सेक्टर के भरभराने और कोविड नीति ने उसकी आर्थिकी को नाजुक बना दिया है। इस कारण वहां कई वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन-आपूर्ति पर असर पड़ा है। इससे वैश्विक आपूर्ति शृंखला प्रभावित हुई है। स्पष्ट है कि वैश्विक स्तर पर महंगाई के नरम पड़ने की हाल-फिलहाल कोई उम्मीद नहीं दिखती। भारत भी इससे प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगा। वर्तमान स्थितियों में भारत के समक्ष बढ़ी चुनौतियों में यह प्रत्यक्ष भी दिखता है। चूंकि दुनिया के प्रमुख देश और भारत के अहम व्यापारिक साझेदार जिस प्रकार महंगाई और उसके कारण मंदी के शिकार होते दिख रहे हैं, उसमें भारत से होने वाले निर्यात घट जाएंगे। निर्यात के हालिया आंकड़ों में यह रुझान दिख भी रहा है। इससे भारत के समक्ष दोहरी चुनौती उत्पन्न होती है। देश से होने वाले निर्यात घट रहे हैं और चूंकि भारत अपनी कुछ आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जिन वस्तुओं का आयात करता है, उनका आयात जस का तस बना रहेगा। इसके अलावा रुपये की घटती हैसियत से आयात का यह बोझ थोड़ा और बढ़ता जाएगा।

# अग्निकांड में जीवरक्षा बचाव के तरीके

यह मैसेज बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसे कृपया अपने परिवार के प्रत्येक सदस्य और खासकर बच्चों को अवश्य पढ़ाएं और समझाएं कई वर्ष पहले जे0 पी0 होटल वसंत विहार नई दिल्ली में आग की दुर्घटना हुई, जिसमें बहुत सारे भारतीय मारे गए लेकिन जापानी और अमेरिकन नहीं। जानते हैं क्यों मैं आपको बताता हूँ 1. सभी अमेरिकन और जापानी लोगों ने अपने कमरों के दरवाज़ों के नीचे खाली जगहों में गीले तौलिये लगा दिए और खाली जगहों को सील कर दिया, जिससे धुआं उनके कमरों तक नहीं पहुंच सका। या बहुत कम मात्रा में पहुंचा। 2. इन सभी विदेशी मेहमानों ने अपनी नाक पर गीले रुमाल बांध लिए, जिससे उनके फेफड़ों में धुआं प्रवेश न कर सके। 3. सभी विदेशी मेहमान अपने अपने कमरों के फर्श पर औंधे लेट गए। (क्योंकि धुआं हमेशा ऊपर की ओर उठता है) इस प्रकार जब तक अगिन्शमन विभाग के कर्मचारी आये, तब तक वे अपने आपको जीवित रख पाने में सफल रहे। जबकि होटल के भारतीय मेहमानों को इन सुरक्षा उपायों के बारे में पता ही नहीं था इसलिए वे इधर से उधर भागने लगे और उनके फेफड़ों में धुआं भर गया और कुछ समय में ही उनकी मौत हो गई। याद रखें, आग लगने की स्थिति में ज़्यादातर मौतें शरीर में धुआं जाने से होती हैं, जबकि आग के कारण कम होती हैं। क्योंकि आग की स्थिति में हम लोग धैर्य से काम नहीं लेते हैं और इधर से उधर भागने लगते हैं। भागने से हमारी सांसें तेज़ हो जाती हैं जिसके कारण बहुत सारा धुआं हमारे फेफड़ों में प्रवेश कर जाता है और हम बेहोश हो जाते हैं और ज़मीन पर गिर जाते हैं तथा फिर आग की लपटों से घिर जाते हैं। इसलिए आग लगने की स्थिति में ये सुरक्षा उपाय अपनाएंः- 1. भगदड़ न मचाएं और अपने होश कायम रखें ताकि आप दूसरों की मदद कर सकें। 2. अपने नाक पर गीला रुमाल या गीला लेकिन घना कपड़ा बांधें। तथा फर्श पर लेट जाएं। 3. यदि आप किसी कमरे में बंद हों तो उसके खिड़की दरवाज़े बंद कर दें तथा उनके नीचे या ऊपर या कहीं से भी धुआं आने की संभावना हो तो उस जगह को भी गीले कपड़े से सील कर दें। 4 अपने आसपास के लोगों से भी ऐसा ही करने को कहें। 5. अगिन्शमन की सहायता की प्रतीक्षा करें। याद रखें, अगिन्शमन वाले प्रत्येक कमरे की जांच करते हैं और वे फंसे हुए व्यक्तियों को ढूंढ लेंगे। 6. यदि आपका मोबाइल काम कर रहा हो तो आप लगातार 100, 101 या 112 पर मदद के लिए कॉल करते रहें। उन्हें आप अपने स्थान की जानकारी भी दें। वे आप तक सबसे पहले पहुंचेंगे। आप इस मैसेज को अपने प्रियजनों तक पहुंचा सकते है। दुर्घटना में कोई भी फंस सकता है। इसलिए सुरक्षा उपायों की जानकारी सबको अवश्य होनी चाहिए।

# मदरसों की शिक्षा कितनी उपयोगी, ऐसी प्रणाली की जांच-परख विद्यार्थियों के लिए भी सकारात्मक कदम

उत्तर प्रदेश में मदरसों के सर्वे को लेकर जारी राजनीति खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। जहां एक धड़ा इस सर्वे को सकारात्मक बदलाव लाने वाला कदम बता रहा है, वहीं सांप्रदायिक दृष्टिकोण वाले लोग इसका विरोध कर रहे हैं। असदुद्दीन ओवैसी ने तो इस सर्वे को एक छोटा एनआरसी यानी नेशनल रजिस्टर आफ सिटिजंस करार दिया। उनके जैसे अन्य लोग भी पक्षपाती दृष्टिकोण रखने की वजह से इस सर्वे का विरोध करते दिखते हैं। वे सर्वे के उद्देश्य के बजाय सरकार की नीयत पर सवाल उठा रहे हैं। यह किसी भी पहल को खारिज करने का जाना-पहचाना तरीका है। ऐसा मुख्यतः मुस्लिम समाज के नेताओं के कारण हुआ है, जो अपने समुदाय को केवल वोट बैंक के लिए इस्तेमाल करते हैं और उन्हें सही शिक्षा से दूर रखते है। ओवैसी जैसे नेता ऐसी हर किसी सरकारी पहल को मुस्लिम विरोधी तो बता देते हैं, लेकिन यह बताने से इन्कार करते है कि उनके अपने चुनाव क्षेत्र यानी हैदराबाद में हर सौ में से 23 लोग गरीब क्यों हैं। यहां उनकी पार्टी ने आठ विधानसभा सीटों में से सात सीटें जीती हैं। ध्यान रहे कि अनुच्छेद 15(5) सरकार को ऐसी नीतियां बनाने का अधिकार देता है, जिनके जरिये समाज के पिछड़े वर्ग का उत्थान किया जा सके। इस बात से हम सभी अवगत हैं कि आजादी के 75 वर्षों के बाद भी मुस्लिम समुदाय शिक्षा एवं समृद्धि में काफी पिछड़ा है। ऐसे में मदरसों के सर्वेक्षण का निणर्य पूर्णतः संवैधानिक है। यह मुस्लिम समुदाय के लिए इसलिए हितकारी है, क्योंकि इससे ही उन्हें यह जानकारी मिलेगी कि मदरसे उनके



बच्चों के लिए कितने उपयोगी है यदि मदरसा शिक्षा उतनी ही उपयोगी है, जितनी कि उसे मुस्लिम नेता बता रहे हैं तो प्रशन उठेगा कि क्या वे अपने बच्चों को उनमें पढ़ाते हैं किसी भी राष्ट्र के नागरिक उसकी सबसे बड़ी संपत्ति होते हैं। नागरिकों में जागरूकता एवं आर्थिक संपन्नता किसी भी समाज और राष्ट्र की उननति के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। यह सब सही शिक्षा से ही संभव है। आज के आधुनिक युग में देश को आगे ले जाने के लिए भावी पीढ़ी को वैसे ही शिक्षित किया जाना चाहिए, जैसे विकसित राष्ट्र कर रहे हैं। राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक के लिए शिक्षा की समान व्यवस्था करना सरकार के लिए अनिवार्य है। पिछले कई वर्षों से मदरसों में शिक्षा पा रहे विद्याथिर्यों का आकलन हमें यही बताता है कि मदरसों की तालीम में वह शिक्षा शामिल नहीं है, जो छात्रों को इतना समर्थ बनाए कि वे अपने समाज और साथ ही राष्ट्र की प्रगति में पूर्ण सहयोग दे सकें। मदरसों की शिक्षा प्रणाली की जांच-परख सिर्फ देश के लिए ही नहीं, बल्कि मदरसों में तालीम हासिल कर रहे विद्यार्थियों के लिए भी एक सकारात्मक कदम है। ऐसे किसी सर्वे से ही उन कमियों का पता चलेगा, जिनकी वजह से वहां के विद्यार्थी देश की प्रगति में पूर्ण सहयोग नहीं दे पा रहे और न ही उनका सही से मानसिक विकास हो पा रहा है। मुस्लिम समुदाय मदरसे की तालीम के कारण ही सामान्य शिक्षा से दूर एवं पिछड़ा है। इसका कारण मदरसों में उस शिक्षा का अभाव है, जो एक आम छात्र मुख्यधारा के शैक्षणिक संस्थानों से प्राप्त करता है। मदरसों से निकले विद्यार्थी मेडिकल, तकनीक एवं सिविल सेवा संस्थानों से दूर दिखते हैं। वहीं दूसरे संस्थानों से निकले छात्र इन क्षेत्रों में काफी आगे हैं। मुसलमानों में सामान्य शिक्षा की कमी के लिए वह शिक्षा प्रणाली जिम्मेदार है, जो केवल धार्मिक शिक्षा को ही प्राथमिकता देती है। आखिर मुस्लिम समुदाय के बच्चों के लिए धार्मिक शिक्षा अन्य समुदायों से अधिक आवश्यक क्यों है मदरसों की तालीम में इस पर बहुत जोर दिया जाता है कि यह सांसारिक जीवन अल्लाह की ओर से एक परीक्षा मात्र है। इसी कारणवश मदरसों से निकलने वाले अधिकतर विद्यार्थी प्रतिस्पर्धी एवं आवश्यक शिक्षा से वंचित रह जाते हैं और वे जीवन भर मदरसों से मिली तालीम के अनुरूप ही चलते हैं। वे अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, दर्शन, भूगोल और विज्ञान इत्यादि में निपुण नहीं होते। इस कारण व्यक्तिगत एवं सामाजिक स्तर पर वे सक्षम नहीं होते और समाज में केवल धार्मिक मार्गदर्शक बनकर जीवन बिता पाते हैं। इससे वे न स्वयं का हित साध पाते हैं और न ही समाज और देश का। आज के सांसारिक जीवन में सभी को हर प्रकार की जानकारी आवश्यक है। यह जरूरी नहीं कि बच्चे प्रत्येक विषय में महारत हासिल करें, परंतु हर विषय का अध्ययन आवश्यक है। समाज एवं इतिहास की उचित जानकारी ही भावी पीढ़ी का सही मार्गदर्शन कर सकती है। चूंकि मदरसों की शिक्षा व्यवस्था में केवल एक ही समुदाय के विद्याथिर्यों को सम्मिलित किया जाता है, इसलिए वह उन्हें सहअस्तित्व वाले समाज की जानकारी नहीं दे पाती। भारत जैसे विविधता भरे देश में हमें अपने शैक्षणिक संस्थानों को हर उस बात से लाभान्वित करना चाहिए, जो भाईचारा सिखाए, न कि केवल एक विशेष समुदाय से जुड़े रहने का नजरिया दे।

# गांधी परिवार के पराभव का आरंभ, बिना इशारा मिले जो बैठते तक नहीं थे वही दिखा रहे आंखें

तमाम कांग्रेस विरोधी नेता जो काम इतने वर्षों में न कर सके, वह अशोक गहलोत ने एक दिन में कर दिया था। गत 25 सितंबर को उनके समर्थक गुट के विधायकों ने कांग्रेस के सर्वशक्तिमान आलाकमान को ठेंगा दिखा दिया। गहलोत ने गांधी परिवार को उनकी हैसियत बता दी। जिस दर्पण में गांधी परिवार खुद को राज परिवार के रूप में देखता था, वह चकनाचूर हो गया। गहलोत ने पार्टी के प्रथम परिवार का अपमान ही नहीं किया, बल्कि उन्हें एक क्षत्रप के समक्ष बहुत छोटा होने का अहसास भी करा दिया। जिन हाथों ने गहलोत को 'गहलोत' बनाया था, उन्होंने उन्हीं हाथों को झटक दिया। गहलोत तीसरी बार राजस्थान के मुख्यमंत्री बने हैं। तीनों बार उन्हें मुख्यमंत्री सोनिया गांधी ने ही बनाया। किसी और का हक मारकर। जाहिर है कि उन्हें यह पद जनादेश से नहीं हाईकमान के आदेश से मिला। दो बार उनके नेतृत्व में पार्टी ने चुनाव लड़ा और बुरी तरह हारी। असल में सोनिया गांधी वही काट रही हैं, जो उन्होंने बोया था। जनाधारहीन नेता को किसी बात डर नहीं होता। गहलोत को राजस्थान की जनता का डर तो कतई नहीं है। डर था तो सोनिया जी की नाराजगी और राहुल जी की उपेक्षा का। ये दोनों डर उसी समय निकल गए, जब एलान कराया गया कि पार्टी में 'एक व्यक्ति-एक पद' का सिद्धांत लागू होगा और गहलोत को कांग्रेस अध्यक्ष पद का नामांकन भरने से पहले ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ेगा। शायद उसी समय गहलोत ने तय कर लिया कि इस परिवार के सिर से राज परिवार होने का भूत उतारना है। सोनिया, राहुल और प्रियंका की इतनी हिम्मत नहीं हो रही कि गहलोत के खिलाफ कोई कार्रवाई कर सकें। परिवार के जिन हरकारों को जयपुर से खाली हाथ लौटा दिया, उन्हीं से रिपोर्ट दिलवाई कि इसमें गहलोत की कोई गलती नहीं है। व्यक्ति के बुरे दिन आते हैं तो उसका सामान्य ज्ञान भी साथ छोड़ देता है। पता नहीं इस रिपोर्ट का अर्थ हाईकमान को समझ आया या नहीं दोषी ठहराए गए हैं राजस्थान के तीन विधायक। ऐसे विधायक जो गहलोत के परम भक्त हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि गहलोत तो छोडिए, उनके भक्त भी हाईकमान को चुनौती दे सकते हैं। यह 'स्वामी का कुछ न बिगाड़ पाने, लेकिन सेवक का कान मरोड़ने' जैसा है। कौन मानेगा कि गहलोत की मर्जी और योजना के बिना यह सब कुछ हुआ, लेकिन गांधी परिवार और उनके दरबारी यही समझाने की कोशिश कर रहे हैं। यानी सोनिया ने कहा रात है, राहुल ने कहा रात और उनके दरबारियों ने 'सुबह-सुबह' ही मान लिया कि रात है। गोवा, मणिपुर में कांग्रेस से सरकार बनी नहीं। मध्य प्रदेश और कर्नाटक में बनी-बनाई सरकार चली गई। पंजाब में सरकार ही नहीं, बल्कि पार्टी भी गड्ढे में गिरा दी। नेता युवा हो या अनुभवी, वह परिवार को बर्दाश्त करने को तैयार नहीं। छोड़कर जा भी रहे हैं तो उस पार्टी में, जिसका हमेशा विरोध किया। सोनिया गांधी सम्मान के साथ रिटायर हो गई थीं, किंतु पुत्र मोह में फजीहत कराने वापस आ गईं। जो लोग उनके सामने बैठने के लिए भी उनके इशारे का इंतजार करते थे, वही आज उन्हें आंखें दिखा रहे हैं। उनकी लाचारी यह है कि वे कुछ कर नहीं सकतीं। राजस्थान में विधायक दल की बैठक बुलाने और पर्यवेक्षक भेजने से पहले उन्हें पता ही नहीं था कि उन्हें नियुक्ति का अधिकार देने के लिए एक वाक्य का प्रस्ताव पारित कराने वाला युग बीत चुका है। यह भी कि उनके बेटे की पार्टी में अपनी कोई हैसियत नहीं है। वह तभी तक चल रहे हैं, जब तक सोनिया उनके पीछे खड़ी हैं। गहलोत ने जो किया उससे तो लगता है कि सोनिया के होने-न होने का भी समय निकल चुका है। करीब 24 साल पहले सोनिया गांधी ने अपने जिन दरबारियों की मदद से सीताराम केसरी को धक्का मारकर अध्यक्ष पद से हटाया था, उनके वही दरबारी अब उन्हें हटाने के लिए तैयार खड़े हैं। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के लिए अब दिग्विजय सिंह और शशि थरूर के बीच ही मुकाबला होने के आसार बन रहे हैं। गहलोत ने खुद को अध्यक्ष पद की होड़ से अलग कर लिया। गहलोत की सबसे बड़ी योग्यता परिवार के विश्वस्त और वफादार के रूप में थी, लेकिन जयपुर में जो हुआ उससे भरोसे की वह दीवार दरक गई। हैरानी की बात यही है कि इस पूरे संकट के दौरान पार्टी में कोई संकटमोचक भी नहीं उभरा। यह देश की सबसे पुरानी और दूसरी सबसे बड़ी पार्टी की राजनीतिक दरिद्रता का प्रमाण है। कांग्रेस और गांधी परिवार के संकट के दो ही कारण हैं। पहला यह कि सोनिया गांधी स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं कि राजनीति राहुल गांधी के बस की बात नहीं और दरबारियों को छोड़कर कोई राहुल का नेतृत्व स्वीकार करने को राजी नहीं। दूसरा, जनतंत्र में नेता की ताकत उसकी वोट दिलाने की क्षमता से तय होती है। गांधी परिवार के सदस्य वोट दिलाने की क्षमता खो चुके है। दरअसल, कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव गांधी परिवार को सीधे हमले से बचाने के लिए हो रहा है। इसीलिए सबसे बड़े वफादार की खोज हुई और उसमें भी परिवार गच्चा खा गया। गहलोत ने बता दिया कि गांधी परिवार को अब यह भी नहीं पता कि कौन उनका वफादार है। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव का नतीजा जो भी हो, लेकिन कुछ बातें साफ नजर आ रही हैं। एक, राजस्थान कांग्रेस के लिए दूसरा पंजाब बनने को तैयार है। दो, कांग्रेस में सामंती प्रथा पर अस्तित्व का संकट है। तीसरा, परिवार को आदेश देने की आदत छोड़नी होगी। राजस्थान में परिवार की सत्ता को इस तरह चुनौती दी गई और देश के किसी कोने से कोई आवाज नहीं उठी। कहां कांग्रेस कार्यसमिति में भी परिवार के मुताबिक न बोलने पर अंदर और बाहर हमला शुरू हो जाता था। दुनिया भर के देशों में जिस तरह से शेयर बाजार का भाव गिर रहा है, उससे ज्यादा तेजी से गांधी परिवार का कांग्रेस में भाव गिर रहा है। आने वाले समय में यह गिरावट और तेज होने वाली है। कांग्रेस में गांधी परिवार के खात्मे की शुरुआत हो गई है।



# पीएफआइ पर प्रतिबंध के बाद की चुनौतियां, सुरक्षा एजेंसियों को रहना होगा सतर्क


देश भर में ताबड़तोड़ छापों के बाद अंततः भारत सरकार ने कट्टरपंथी संगठन पापुलर फ्रंट आफ इंडिया यानी पीएफआइ और उससे संबंधित संगठनों पर पांच वर्ष का प्रतिबंध लगा दिया। यह संगठन 2010 में तब चर्चा में आया था, जब इसके कार्यकर्ताओं ने केरल में टीए जोसेफ नामक प्रोफेसर की कलाई सिर्फ इसलिए काट दी थी, क्योंकि उनके अनुसार जोसेफ द्वारा बनाए गए प्रशन्पत्र का एक प्रशन इस्लामिक मान्यताओं का अपमान करता था। इस क्रूरता ने देश में सनसनी फैला दी थी। उससे व्याप्त आतंक का अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि केरल में मुखर रहने वाले चर्च ने भी उस समय जोसेफ का साथ छोड़ दिया था। ईसाई मिशनरी द्वारा संचालित जिस कालेज में वह पढ़ाते थे, उन्हें वहां से निकाल दिया गया। तंग आकर उनकी पतनी ने आत्महत्या कर ली। इस बर्बर कृत्य के बाद पीएफआइ देश भर में अपने पैर पसारता गया। जिस आतंकी संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट आफ इंडिया यानी सिमी पर प्रतिबंध लगा था, उससे जुड़े लोग भी पीएफआइ से जुड़ते गए। इसके बावजूद पीएफआइ पर कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हुई। पीएफआइ की क्रूरता के अंतहीन किस्से हैं। 2019 में उसके कार्यकर्ताओं ने मतांतरण पर एक बहस के कुछ घंटों बाद ही पीएमके नेता रामलिंगम की उनके घर में निर्मम हत्या कर दी थी। 2014 में केरल पुलिस द्वारा केरल हाई कोर्ट में दाखिल हलफनामे में पीएफआइ के कार्यकर्ताओं पर हत्या के 27, हत्या के प्रयास के 85 और सांप्रदायिक हिंसा के 106 मामलों में संलिप्तता का उल्लेख किया गया। इसके अलावा केरल पुलिस की ओर से उच्च न्यायालय के समक्ष यह कहा गया कि पीएफआइ सिमी का ही नया रूप है। किसी सख्त कार्रवाई के अभाव में बीते 12 वर्षों के दौरान पीएफआइ ने खाड़ी देशों से मिले चंदे और जकात के नाम पर लोगों को गुमराह कर देश-विदेश में अपना एक बड़ा तंत्र विकसित कर लिया। जिस संगठन ने एक अध्यापक का हाथ काटने से अपना आगाज किया हो, उसी का सहयोगी संगठन-कैंपस फ्रंट आफ इंडिया नाम से देश भर के विश्वविद्यालयों में फैल गया। इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह छात्रों में कट्टरपंथ के कैसे बीज बोता होगा। इसका एक नमूना कर्नाटक के हालिया हिजाब विवाद और उसके चलते एक युवक हर्ष की हत्या के रूप में सामने आ ही चुका है। पीएफआइ मिस्र में जन्मे इख्वान-उल-मुसलमीन यानी मुस्लिम ब्रदरहुड के प्रतिरूप को भारत में स्थापित करने के अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र का हिस्सा है। यह संगठन जाने-माने कट्टरपंथी मौलाना और जमात-ए-इस्लामी के संस्थापक मदूदी और मुस्लिम ब्रदरहुड के बड़े नेता अल कुतुब की विचारधारा को भारत में फैलाने में जुटा था। यह अतिवादी संगठन जब चुनाव जीतकर मिस्र की सत्ता पर बैठा तो उसके समर्थकों ने वहां हिंसा का ऐसा भयावह प्रदर्शन किया कि मिस्र की सेना और जनता को तख्तापलट कर उसे सत्ता से बेदखल करना पड़ा। जब मिस्र की अदालत में हिंसा फैलाने के मामले में मुस्लिम ब्रदरहुड के तत्कालीन सर्वोच्च नेता मोहम्मद मोर्सी पर मुकदमा चला तो पीएफआइ ने नई दिल्ली स्थित मिस्र दूतावास के बाहर भारी हंगामा किया। अपने छोटे शासनकाल में मुस्लिम ब्रदरहुड ने मिस्र के समाज में कट्टरपंथ का ऐसा जहर घोला कि उसके सेनाध्यक्ष जनरल सीसी को विश्व में इस्लामिक शिक्षा का केंद्र मानी जाने वाली अल-अजहर यूनिवर्सिटी में जाकर कहना पड़ा कि यह कैसे संभव है कि मुसलमान विश्व में रह रहे गैर-मुस्लिमों को समाप्त करने की सोचें और उसमें सफल भी हो पाएं मुस्लिम ब्रदरहुड को न सिर्फ मिस्र, बल्कि सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे तमाम इस्लामिक देश प्रतिबंधित कर चुके हैं। सिर्फ तुर्किये और कतर ही सऊदी अरब से अपनी प्रतिद्वंद्विता के चक्कर में मुस्लिम ब्रदरहुड को शह दे रहे हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### नासा ने हबल और वेब स्पेस टेलीस्कोप से खगोलीय घटना की अद्भुत तस्वीरें की कैद

**केप कनवेरल।** पूरे विश्व के पास इस हफ्ते की टक्कर की शानदार तस्वीरें है। ग्रह की रक्षा के लिए अपने आप में यह पहला परीक्षण है। नासा ने गुरुवार को हबल और वेब स्पेस टेलीस्कोप द्वारा ली गई नाटकीय घटना की तस्वीरें



जारी की हैं। पूरे विश्व ने देखा ऐतिहासिक पल विश्व के सभी सात महाद्वीपों पर स्थित दूरबीनों ने भी यह भी ऐतिहासिक पल देखा। जब नासा का डार्ट अंतरिक्ष यान ने स्पेस में एक अंतरिक्ष चट्टान से टकराया। अंतरिक्ष यान पृथ्वी से करीब 110 लाख किलोमीटर दूर है। अंतरिक्ष यान की कक्षा में बदलाव की उम्मीद की जा रही है। वैज्ञानिक को इस संबंध में जानकारी नवंबर तक प्राप्त होगी। अंतरिक्ष यान और के बीच हुए डेमो के परिणाम हमारे रास्ते में आने वाले का सामना करने में वैज्ञानिकों की मदद करेंगे।जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के ग्रह खगोलशास्त्री और मिशन लीडर एंडी रिवकिन ने अपने एक बयान में कहा कि, यह एक अभूतपूर्व घटना का एक अभूतपूर्व दृश्य है। उन्होंने कहा कि ये सभी तस्वीरें वैज्ञानिकों को छोटे के डिमोफीस के बारे में अधिक जानने में मदद करेंगी। उन्होंने बताया कि टक्कर के बाद के प्रभाव में चट्टान के छोटे कण और धूल अंतरिक्ष में फैल गए। नवीनतम तस्वीरों में एक तेज प्रकाश को देखा जा सकता है। हबल और वेब दूरबीन अगले कई हफ्तों में डिमोफीस और उसके बड़े साथी डिडिमोस को देखते रहेंगे। पिछले साल 325 मिलियन डॉलर की लागत वाले डार्ट मिशन को लॉन्च किया गया था। अंतरिक्ष यान का निर्माण और प्रबंधन लॉरेल, मैरीलैंड में जॉन्स हॉपकिन्स की एप्लाइड फिजिक्स प्रयोगशाला द्वारा किया गया है।

# सेक्टर 30 और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भंगेल मे कोविड कार्यक्रम

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष में कोविड- कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर 30 व भंगेल समुदायिक केंद्र




में आज किया गया । जिसमें सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डा.महेश शर्मा समुदायिक केंद्र भंगेल में रहे व विद्यायक पंकज सिंह, सेक्टर 30 जिला अस्पताल पर रहे। डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर पूरे देश में अनेक तरह के रचनात्मक कार्य किए जा रहे हैं। पूरे देश में लोगों को वैक्सीनेशन किया जा रहा है। पूरा विश्व जब कोविड जैसी महामारी से जूझ रहा था, लोग इससे बचाव और इलाज की चिंता कर रहे थे। वहीं भारत में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मेक इन इंडिया के तहत कोविशील्ड एवं कोवेक्सिन का निर्माण किया गया। देश ही नहीं बल्कि दूसरे देशों के लोग भी कोविड जैसी महामारी से बच पाए। विद्यायक पंकज सिंह कहा कि नरेंद्र मोदी के रूप में भारत को एक मजबूत प्रधानमंत्री मिला है।आज विपत्ति की स्थिति में दूसरे देश आशा भरी नजरों से भारत की ओर देखते हैं। जब विकसित देश भी कोविड जैसी महामारी से लड़ने की तरकीब सोच रहे थे। प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर भारत के वैज्ञानिकों ने वैक्सीन का ईजाद कर करोड़ों लोगों की जिंदगी बचाई।कार्यक्रम में अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने सभी आयोजनों को सफल बनाने के लिए सभी कार्य कर्ताओं से अपील भी की।इस दौरान कार्यक्रम के जिला महामंत्री चंदगी राम यादव, उमेश त्यागी डिम्पल आनंद, चमन आवना, शारदा चतुर्वेदी, उमेश यादव, राहुल शर्मा, राम मेहर कौशिक, गौतम शर्मा, नवाब चौधरी, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कार्यभार संभालने के बाद सीडीएस अनिल चौहान ने रक्षा मंत्री से की मुलाकात

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** नवनियुक्त सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। यह मुलाकात राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के साउथ ब्लॉक में हुई। जनरल बिपिन रावत की मौत



के बाद जनरल अनिल चौहान ने देश के दूसरे सीडीएस के रूप में कार्यभार संभाला है। यह कार्यभार संभालने के कुछ ही घंटों बाद उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ से मुलाकात की है। ऐसा पहली बार हुआ कि किसी सेवानिवृत्त अधिकारी को इस पद पर नियुक्त किया गया है। इस पद की नियुक्ति के लिए नियमों में बदलाव की घोषणा के लिए गजट की अधिसूचना भी जारी की गई थी सीडीएस का प्रभार संभालने से पहले चौहान ने अपने पिता सुरेंद्र सिंह चौहान के साथ राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। सीडीएस चौहान ने साउथ ब्लॉक में सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी. से भी मुलाकात की।

# नोएडा स्टेडियम मे लक्षमण परशुराम संवाद का मंचन हुआ

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** श्री सनातन धर्म रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला



महोत्सव 2022 नोएडा स्टेडियम पर आज मुनि विश्वामित्र जी के साथ भगवान राम और लक्ष्मण जिनका जनकपुर आना,राजा जनक जी द्वारा सीता जी का स्वंबर,भगवान श्री राम जी के द्वारा धनुष को तोड़ना,लक्ष्मण और परशुराम जी का संवाद की लीला मंचन हुआ। जिसमे मुख्य रूप से समिति के चेयरमैन टी एन गोविल ,अध्यक्ष टी एन चौरसिया , कार्यकारी अध्यक्ष सुशील भारद्वाज ,महासचिव संजय बाली ,कोषाध्यक्ष अल्पेश गर्ग ,,प्रताप मेहता, शुभकरण राणा , रमेश , एन के अग्रवाल ,अनिल गुप्ता ,मित्रा शर्मा ,सौरभ गोविल,रविन्द्र गुप्ता,निखिल गुप्ता,इंदु यादव, संजय,गुप्ता, राजीव गर्ग, विपिन बंसल,विनय शर्मा,राजीव अजमानी, पवन सिंह,सुंदर सिंह राणा,राहुल बाली,, ,प्रमोद रंगा, चंद्रपाल सिंह,,पुनीत शुक्ला,, मनोज शर्मा,सुनील कुमार,तरुण अरोरा,आशीष, द्विवेदी, सोनू शर्मा,नीरज शर्मा,राम जी चंदेल एवम् शहर के काफी गणमान्य लोग उपस्तिथि थे।

# पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज की बेटी मरयम भ्रष्टाचार मामले में बरी

**इस्लामाबाद।** सत्ताधारी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की उपाध्यक्ष मरयम नवाज को इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने भ्रष्टाचार के एक मामले में गुरुवार को बरी कर दिया। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरयम का बरी होना सत्ताधारी पार्टी के लिए एक बड़ी कानूनी विजय है। इस फैसले के बाद अब मरयम के लिए चुनाव अपील स्वीकार कर ली। जस्टिस आमेर फारूक और जस्टिस मोहसिन अख्तर कयानी की दो सदस्यीय पीठ ने उनकी अपील पर सुनवाई करते हुए कहा कि जांच अधिकारी की राय को प्रमाण के रूप में नहीं लिया जा सकता। जस्टिस कयानी ने कहा, 'संयुक्त जांच टीम कोई तथ्य प्रस्तुत नहीं कर सकी। इसने सिर्फ सूचनाएं एकत्र कीं सुनवाई के अंत में पीठ ने



लड़ने का रास्ता साफ हो गया है। भ्रष्टाचार विरोधी अदालत ने जुलाई 2018 में एवेनफील्ड संपत्ति मामले में मरयम और उनके पति मुहम्मद सफदर को दोषी करार दिया था। पति-पत्नी ने भ्रष्टाचार अदालत के आदेश को इस्लामाबाद हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने उनकी कहा कि मामले में अभियोजक राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) भ्रष्टाचार का आरोप स्थापित करने में विफल रहा। पाकिस्तान के राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने दावा किया था कि नवाज शरीफ और उनके बच्चों ने भ्रष्ट या अवैध तरीकों से अपार्टमेंट खरीदे थे।

# उठहु राम भंजहु भवचापा मेटहु तात जनक परितापा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** श्रीराम मित्र मण्डल नोएडा द्वारा सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में आयोजित श्रीरामलीला मंचन के चौथे दिन मुख्य अतिथि बिमला बाथम अध्यक्ष महिला आयोग उत्तर प्रदेश, सुरेश गुप्ता अध्यक्ष अग्रवाल मित्र मंडल एवं संजय गुप्ता चैयरमैन रामाज्ञा स्कूल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ लीला का शुभारंभ हुआ । श्रीराम मित्र मंडल राम लीला समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव मुनन कुमार शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान कर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया। दीप प्रज्वलन के पश्चात सीता स्वयंवर में आये विभिन्न अतिथियों का राजा जनक द्वारा भव्य स्वागत किया जाता है और ततपश्चात स्वयंवर हेतु शिव धनुष तोड़ने हेतु सभी अतिथि अपना प्रयास करते हैं परंतु राजा जनक देखते हैं कि रावण ,बाणासुर जैसे तमाम योद्धा आये लेकिन धनुष को हिला तक नहीं सके। यह देखकर जनक जी व्याकुल हो उठते हैं। इसके बाद जनक जी धनुष न टूटने पर विलाप कर कहते हैं कि लगता है अब पृथ्वी वीरों से खाली हो गई है। लक्ष्मण जी उनकी बात सुनकर क्रोध कर



कहते हैं कि अगर भईया राम आज्ञा दे यह धनुष क्या पूरा ब्रह्माण्ड को तोड़-मरोड़ डालू । राम जी लक्ष्मण को शांत करते हैं। इसके बाद विश्वामित्र भगवान राम को आदेश देते हैं"उठहु राम भंजहु भवचापा। मेटहु तात जनक परितापा"।भगवान राम धुनष की प्रत्युनचा चढ़ाते हैं कि धनुष टूट जाता है सभी जनकपुर वासियों में खुशी दौड़ जाती है सीता जी राम को वर माला डालती हैं। सुर नर मुनि फूलों की वर्षा करते हैं। शिव धनुष के टूटने की बात सुनकर परशुराम जी आते हैं और जनक जी को कहते हैं हे दुष्ट धनुष किसने तोड़ा है इसके बाद लक्ष्मणव परशुराम का संवाद होता है। बाद में परशुराम जी को ज्ञात हो जाता है कि राम और कोई नहीं साक्षात विष्णु का अवतार हैं और वह क्षमा मांगते हुए कहते हैं । क्षमा के बाद परशुराम जी महेंद्र पर्वत पर लौट जाते हैं तत्पश्चात राम एवं सीता द्वारा एक दूसरे को वरमाला पहनाई गई। इसी के साथ चौथे दिन की लीला मंचन का समापन हुआ । इस अवसर पर समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग ,मुख्य संरक्षक मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग, सह-कोषाध्यक्ष अनिल गोयल,उपमुख्य संरक्षक राजकुमार गर्ग,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतनारायण गोयल,बजरंगलाल गुप्ता, चौधरी रविन्द्र सिंह, तरुणराज, एस एम गुप्ता, पवन गोयल, आत्माराम अग्रवाल, मुकेश गोयल, मुकेश अग्रवाल, शांतनु मित्तल, मनीष गुप्ता, चन्द्रप्रकाश गौड़, गौरव मेहरोत्रा, मनीष गोयल, आर के उप्रेती, गौरव गोयल,सुधीर पोरवाल, मनोज सिंघल, राजकुमार बंसल, गौरव चौधरी, संतोष त्रिपाठी, प्रवीण गोयल, अर्जुन अरोड़ा, रोहताश गोयल, बीना बाली, सहित श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के सदस्यगण व शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्तिथ रहे। श्रीराम मित्र मंडल नोएडा के महासचिव मुनन कुमार शर्मा ने बताया कि 30 सितंबर को राम बारात शोभा यात्रा, राम राज्याभिषेक की घोषणा, मंथरा कैकई संवाद, कैकई राम नारद संवाद, कैकई दशरथ संवाद, राम बनवास आदि प्रसंगों का मंचन किया जायेगा।श्रीराम बारात शोभा यात्रा दोपहर बाद 2 बजे सेक्टर-20 के हनुमान मंदिर से निकाली जायेगी, जो डीएम चौराहा, हरौला, सेक्टर- 9,10, 11 ,12,55,खोड़ा लेबर चौक होते हुए सेक्टर-62 रामलीला स्थल तक जायेगी।

# श्रीराम द्वारा धनुष तोड़ना एवं सीताराम विवाह और लक्ष्मण परशुराम संवाद लीला का मंचन आयोजित

## पूजा अर्चना के बाद राज्यमंत्री नवाब सिंह नागर ने किया रामलीला का शुभारंभ

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** सेक्टर 46 के रामलीला ग्राउंड में चल रही श्रीराम लखन धार्मिक लीला में चोथा दिन श्रीराम द्वारा धनुष तोड़ना एवं सीता राम विवाह की रामलीला मंचन के साथ लक्ष्मण परशुराम संवाद की लीला का आयोजन किया गया। इस



अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राज्य मंत्री नवाब सिंह नागर ने कहां की राम की लीला का जितना लीला व शास्त्रों में उपयोग किया जाए उतना ही व्यक्ति का कल्याण होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को भगवान राम के गुणों को अपने दिल में बैठाना चाहिए, जो भगवान की लीला और उनके गुणों को याद रखता है। उस पर भगवान की कृपा हमेशा बनी रहती है। उन्होंने मौजूद रामलीला देखने वालों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में लोग भागदौड़ भरी जिंदगी के चलते केवल मोबाइल का शौक अधिक रखते हैं। अधिकांश लोग रामलीला में जाना तो पसंद करते हैं, लेकिन समय नहीं मिलने के चलते नहीं पहुंच पाते। इनमें युवा पीढ़ी सबसे अधिक है।वह रामलीला देखने की बजाय मोबाइल, सिनेमा हॉल आदि देखना पसंद करती है । लेकिन इन सब से संस्कृति और सभ्यता जैसे भाव पैदा नहीं किए जा सकते। रामलीला से प्रत्येक व्यक्ति को कुछ ना कुछ जागरूकता वाले भाव पैदा करने में सहायक रहती हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, रविकांत मिश्रा , सुरेंद्र नहाटा, नोएडा महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष रामकुमार तवर, भाजपा किसान मोर्चा के नोएडा के जिलाध्यक्ष ओमवीर अवाना एवं नरेंद्र चोपड़ा ने भी सेक्टर 46 में चल रही रामलीला की सराहना की। रामलीलाआयोजन समिति के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। और उन्हें भगवान राम की मूर्ति भेंट की। चौथे दिन की रामलीला में पंडित कृष्णा स्वामी ने रामलीला में धनुष तोड़ना एवं सीता स्वयंवर और लक्ष्मण परशुराम संवाद की रामलीला को विस्तार पूर्वक दिखाया। रामलीला में जनक राज की सभा में जनक राज द्वारा धनुष यज्ञ की घोषणा की जाती है । जिसमें देश के राजा महाराजा को आमंत्रित किया जाता है। और धनुष तोड़ने के लिए वहां पहुंचे सभी राजा महाराजा एकत्र होते हैं। तभी बिना बुलावे के वहां लंका के राजा रावण भी पहुंच जाते हैं। वे जैसे ही धनुष उठाने के लिए धनुष पर हाथ लगाते हैं, सभी तभी आकाशवाणी होती है। हे रावण शिव धनुष को प्रणाम कर वहां से वापस चले जाओ तभी रावण आकाशवाणी को सुनकर धनुष को प्रणाम कर वापस चला जाता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मनोज अग्रवाल, पूनम सिंह, राजेंद्र जैन, संजय गोयल, विपिन अग्रवाल, आलोक गुप्ता ,विकास बंसल ,अनुज गुप्ता ,मनीष अग्रवाल, सुभाष शर्मा ,संदीप अग्रवाल, बलराज गोयल, अशोक गोयल ,डॉक्टर एसपी जैन ,सुरेश गुप्ता, सुनील गुप्ता, कुलदीप शर्मा, हरिओम गुप्ता, मोनू शर्मा, अशोक शर्मा, राजीव बंसल, रामनिवास बंसल, केके जैन, सुरेंद्र प्रधान ,राजेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

# कारीगरों के विकास के लिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना संचालित

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र गौतमबुद्धनगर अनिल कुमार ने जनपद के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय दस्तकारों तथा पारंपरिक कारीगरों का आह्वान करते हुए उन्हें जानकारी दी है कि उनके विकास





के लिए राज्य सरकार द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना संचालित की गई है, जिसके तहत गौतमबुद्धनगर जिले के पारंपरिक कारीगर दर्जी, नाई, हलवाई के आजीविका के साधनों को सुदृढीकरण करते हुए उनके जीवन स्तर को उनन्त किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त योजना के तहत कारीगरों को कौशल वृद्धि के लिए 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और प्रशिक्षण के बाद आधुनिक तकनीक पर आधारित उनन्त किस्म के टूल किट का वितरण प्रशिक्षार्थियों को किया जाएगा तथा लाभाथियों को वर्तमान में संचालित मार्जिन मनी योजनाओं में ऋण वितरण की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि योजना से लाभान्वित होने के लिए इच्छुक लाभार्थी वेवसाइट पर अपना आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने उक्त योजना में पात्रता के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि योजना में प्रशिक्षण के लिए शैक्षिक योग्यता अनिवार्य नहीं है। आवेदक उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए तथा उसकी न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए, आवेदक ने केन्द्र सरकार या राज्य सरकार से पिछले 2 वषों में टूलकिट के संबंध में कोई लाभ प्राप्त नहीं किया हो, योजना के अनुसार या उसके परिवार का कोई भी सदस्य केवल एक बार ही योजना में लिये आवेदन करने के लिए पात्र होंगे। परिवार का अर्थ पति एवं पतनी से है। योजना के तहत पात्रता मानदंडों को पूरा करने के लिए एक शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि योजना में पात्रता के लिए जाति एकमात्र आधार नहीं होगा, योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए ऐसे व्यक्ति भी पात्र होंगे जो परंपरागत कारीगरी जाति से भिन्न हो, ऐसे आवेदक परंपरागत कारीगरी से जुड़े होने के प्रमाण के रूप में ग्राम प्रधान, अध्यक्ष नगर पंचायत अथवा नगर पालिका/नगर निगम से संबंधित वार्ड के सदस्य द्वारा निर्गत किया गया प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उक्त योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र गौतम बुद्ध नगर में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क स्थापित कर सकते है।

# अमेरिका ने ईरान के पेट्रोकेमिकल व्यापार में भूमिका के लिए भारत स्थित फर्म सहित कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध


**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत स्थित एक पेट्रोकेमिकल कंपनी सहित ईरानी पेट्रोकेमिकल्स और पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री में शामिल कंपनियों के एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने कहा कि ये दंडात्मक उपाय ईरानी दलालों और यूएई, हांगकांग और भारत में कई प्रमुख कंपनियों को निशाना बनाते हैं, जिन्होंने ईरानी पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल कि ईरान के पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल क्षेत्रों का एक महत्वपूर्ण घटक ट्रिलियंस, जो विदेशी खरीदारों को ईरानी उत्पादों की बिक्री में दलाली करता है, ने ईरान स्थित पेट्रोकेमिकल दलालों से लाखों डालर मूल्य के ईरानी पेट्रोकेमिकल उत्पाद खरीदे हैं और उन्हें भारत भेज दिया गया।इसने भारत स्थित पेट्रोकेमिकल कंपनी तिबालाजी पेट्रोकेम प्राइवेट लिमिटेड पर चीन को आगे शिपमेंट के लिए मेथनाल



उत्पादों के वित्तीय हस्तांतरण और शिपिंग की सुविधा प्रदान की है।अमेरिकी सरकार का दावा है और बेस आयल सहित ट्रिलियन-ब्रोकरेड पेट्रोकेमिकल उत्पादों को खरीदने का भी आरोप लगाया।

# रायल मिंट ने किंग चार्ल्स को प्रदर्शित करने वाले पहले सिक्कों का किया अनावरण

**लंदन।** ब्रिटेन के रायल मिंट ने किंग चार्ल्स घ्घ्घ् के चित्र को प्रदर्शित करने वाले पहले सिक्कों का अनावरण किया है। दिसंबर से ब्रिटेन के लोग चार्ल्स की छवि को बदलते हुए देखना



शुरू कर देंगे, क्योंकि 50-पैंस के सिक्के धीरे-धीरे प्रचलन में आ जाएंगे। चार्ल्स का चित्र होगा बाईं ओर रायल मिंट ने शुक्रवार को कहा कि नए सम्राट का पुतला ब्रिटिश मूर्तिकार मार्टिन जेनिंग्स द्वारा बनाया गया था और चार्ल्स द्वारा व्यक्तिगत रूप से अनुमोदित किया गया है। परंपरा के अनुसार, राजा का चित्र बाईं ओर है - उसकी मां, महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के विपरीत दिशा। चार्ल्स को बिना ताज के दर्शाया गया है। चित्र के चारों ओर एक लैटिन शिलालेख, राजा चार्ल्स ग्रेस आफ गाड, डिफेंडर आफ द फेथ द्वारा अनुवादित है।एलिजाबेथ के जीवन और विरासत को याद करते हुए एक अलग स्मारक 5 पाउंड का सिक्का सोमवार को जारी किया जाएगा। इस सिक्के के एक पक्ष में चार्ल्स हैं, जबकि दूसरी ओर एलिजाबेथ के दो नए चित्र अगल-बगल हैं।

# चक्रवाती तूफान 'इयान' की चपेट में आया पत्रकार

**फ्लोरिडा।** इयान नाम के चक्रवाती तूफान के कारण दुनिया के कई देशों में चेतावनी जारी कर दी गई



है। इयान तूफान बुधवार को अमेरिका के फ्लोरिडा तट से टकराया। तूफान की वजह से फ्लोरिडा में तेज हवाएं और मूसलाधार बारिश हुई। बताया जा रहा है कि यह तूफान अमेरिका में दर्ज किए गए सबसे शक्तिशाली तूफानों में से एक है। गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है जिसमें देखा जा सकता है कि इस तूफान की चपेट में एक कुछ पत्रकार आ गए। एक वीडियो फूटेज में यह भी देखा जा सकता है तूफान की वजह से एक शार्क सड़कों पर आ पहुंचा। इयान तूफान को चौथी श्रेणी का तूफान बताया गया है, जिसकी रफ्तार 241 किलोमीटर प्रति घंटा बताई गई। तूफान की वजह से फ्लोरिडा की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। समाचार एजेंसी एपी के मुताबिक, फ्लोरिडा के लगभग हर घर की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बता दें कि तूफान की वजह से बिजली के ट्रांसफार्मर उड़ गए।

# ऋतिक-सैफ की विक्रम वेधा हुई रिलीज, इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर हिंदी में मुफ्त देखिए तमिल विक्रम वेधा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन और सैफ अली खान की विक्रम वेधा शुक्रवार को सिनेमाघरों में पहुंच गयी है। दोनों स्टार्स के फैंस इस फिल्म का लम्बे समय से इंतजार विक्रम वेधा हिंदी में एमएक्स प्लेयर पर उपलब्ध है। हिंदी रीमेक की रिलीज से कुछ घंटे पहले ही प्लेटफॉर्म ने ओरिजिनल फिल्म को स्ट्रीम किया है। अहम बात यह है कि माधवन-विजय स्टारर फिल्म एमएक्स प्लेयर इन दोनों ही संस्करणों के कलाकारों की तुलना भी की जा रही है। दोनों ही कलाकार इसका जवाब भी दे रहे हैं। माधवन से अपनी तुलना किये जाने पर सैफ ने कहा था कि वो तुलनाओं का सम्मान करते हैं।




कर रहे थे और फिल्म की एडवांस बुकिंग की रिपोर्ट्स भी काफी अच्छी हैं। उम्मीद की जा रही है कि विक्रम वेधा बॉक्स ऑफिस पर जोरदार शुरुआत कर सकती है ऋतिक-सैफ की विक्रम वेधा इसी नाम से आयी तमिल फिल्म का आधिकारिक रीमेक है, जिसमें आर माधवन और विजय सेतुपति ने लीड रोल्स निभाये थे। अगर आप तमिल विक्रम वेधा को हिंदी में देखना चाहते हैं तो हम आपको बता रहे हैं कि कहां और कैसे देख सकते है एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम हुई विक्रम वेधा तमिल पर मुफ्त देखी जा सकती है। तमिल विक्रम वेधा 2017 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन पुष्कर-गायत्री ने किया है, जिन्होंने तमिल वर्जन को निर्देशित किया था। विक्रम वेधा की कहानी भारतीय पौराणिक कथा विक्रम बेताल से प्रेरित है। तमिल वर्जन में विक्रम का किरदार माधवन ने निभाया था और वेधा के रोल में विजय सेतुपति थे। वहीं, हिंदी में माधवन को सैफ ने रिप्लेस किया है, जबकि विजय की जगह ऋतिक रोशन ने ली है। सोशल मीडिया में माधवन ने फिल्म में बेहतरीन काम किया है। उन्होंने कहा कि हर स्टार अलग है और सब अपनी तरह से काम करते हैं। बता हैं, माधवन की हिंदी डेब्यू फिल्म रहना है तेरे दिल में सैफ पैरेलल लीड रोल में थे। विजय सेतुपति से अपनी तुलना किये जाने पर ऋतिक ने कहा था कि मैं जानता हूं, विजय सेतुपति ने अपना पार्ट कितने शानदार ढंग से निभाया था। मैं सपने में भी नहीं सोच सकता कि उस स्तर तक मैं पहुंच पाऊंगा। पर हां, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और जो मैंने किया है, उससे खुश हूं।

# अब्दु राजिक के कंफर्म होने के बाद ये पॉपुलर स्टार्स बनेंगे सलमान खान के शो का हिस्सा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे चर्चित और कंट्रोवसिऱ्यल शो बिग बॉस का नया सीजन बस कुछ ही घंटों में शुरू होने वाला है। बिग बॉस सीजन 16 की थीम से लेकर इस सीजन के कंटेस्टेंट्स की लिस्ट तक फैंस शो से जुड़ी हर एक अपडेट जानने के लिए बेताब हैं। बीते दिन शो के पहले कंटेस्टेंट के नाम से पर्दा उठा दिया गया था



जो कजाकिस्तान के यूट्यूबर अब्दु राजिक हैं। अब उनके बाद कुछ और कंटेस्टेंट के नाम सामने आए हैं, जिनके इस सीजन का हिस्सा बनने की पूरी उम्मीद है इस लिस्ट में पहला नाम अर्जित तनेजा का है। वह बहू बेगम और कलीरें जैसे कई शोज में नजर आ चुके हैं, लेकिन पहचान उन्हें कुमकुम भाग्य से मिली थी। अर्जित को लेकर माना जा रहा है कि वह शो के कंफर्म कंटेस्टेंट हैं।बिग बॉस 16 में टीवी सीरियल इमली फेम सुंबुल तौकीर को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सुंबुल इस सीजन का हिस्सा बनने वाली हैंकुंडली भाग्य एक्टर संजय गगनानी को लेकर जो अपडेट सामने आई है, उसके अनुसार उन्हें बिग बॉस 16 के लिए अप्रोच तो किया गया है, लेकिन उन्होंने शो लेकर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।उतरन की इच्छा यानी टीना दत्ता कलर्स टीवी का पॉपुलर चेहरा हैं। एक्ट्रेस काफी समय से किसी शो में नजर नहीं आई हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। बिग बॉस के सीजन 16 में टीना दत्ता के नजर आने की पूरी उम्मीद है। हालांकि, अब तक मेकर्स और एक्ट्रेस ने इन खबरों पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।'साथ निभाना साथिया 2' फेम गौतम विज भी इस सीजन में बतौर कंटेस्टेंट नजर आएंगे। हालांकि उन्होंने बिग बॉस को लेकर अभी कोई पुष्टि नहीं की है।चांदनी शर्मा भी बिग बॉस 16 की कंफर्म कंटेस्टेंट बताई जा रही हैं। चांदनी इश्क में मरजावां सीजन 2 शो में काम करने के लिए जानी जाती हैं।अब तक कई रियलिटी शो में नजर आ चुके शिव ठाकरे मराठी बिग बॉस सीजन 2 के विजेता हैं। अब वह जल्द ही हिंदी बिग बॉस का भी हिस्सा बन सकते हैं।'छोटी सरदारनी' फेम निमृत कौर अहलूवालिया को भी इस सीजन की कंफर्म कंटेस्टेंट माना जा रहा है। हाल ही में बिग बॉस 16 के मेकर्स की तरफ से शो का एक टीजर जारी किया गया था, जिसमें एक फीमेल कंटेस्टेंट की झलक दिखाई गई थी। प्रोमो के सामने आते ही फैंस ने तुरंत अपनी फेवरेट एक्ट्रेस को पहचान लिया कि यह निमृत कौर अहलूवालिया हैं। लंबे समय से टीवी पर एक्टिव शालीन भनोट को भी नए सीजन का कंफर्म कंटेस्टेंट बताया जा रहा है। शो के एक सीजन में उनकी एक्स वाइफ दलजीत कौर भी नजर आ चुकी हैं।

# इंतजार हुआ खत्म सामने आया प्रभास की 'आदिपुरुष' का फर्स्ट पोस्टर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** साउथ के सुपरस्टार प्रभास की फिल्म आदिपुरुष' का टीजर पोस्टर रिलीज हो चुका है। फैंस साउथ सुपरस्टार प्रभास की इस फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में सैफ अली खान और प्रभास का हर कोई प्रभास की फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करता है। इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का टीजर 2 अक्टूबर को रिलीज किया जाएगा। इतना ही नहीं रिपोर्ट्स के मुताबिक रामायण पर आधारित होने के कारण मेकर्स ने इसके टीजर को उत्तर प्रदेश में राज जन्म स्थान




जबरदस्त लुक देखने को मिलने वाला है। फिल्म के फर्स्ट पोस्टर में प्रभास भगवान श्री राम की तरह धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाते हुए नजर आ रहे हैं। उनका सन्यासी वेश दिखाई दे रहा है। पोस्ट शेयर करते हुए तरण आदर्श ने लिखा कि यह आदिपुरुष का पहला टीजर पोस्टर है। फिल्म का टीजर 2 अक्टूबर सप्तमी के दिन रिलीज किया जाएगा। फिल्म अगले साल रिलीज होगी। इसका डायरेक्शन ओम राउत ने किया है। बता दें कि बाहुबली के बाद से दक्षिण भारतीय दर्शकों से लेकर हिंदी पट्टी के लोगों तक अयोध्या में सरयू नदी के किनारे रिलीज करने का फैसला किया है। आदि पुरुष की स्टोरी की बात करें तो यह रामायण से प्रेरित एक पौराणिक फिल्म है। फिल्म में बाहुबली फेम प्रभास भगवान राम यानी आदिपुरुष के किरदार दिखाई देने वाले हैं। तो वहीं सैफ अली खान लंकापति रावण यानी लंकेश का रोल प्ले करते नजर आएंगे। इसके साथ ही कृति सेनन सीता का रोल प्ले करेंगी। फिल्म में देवदत्त नागे ने हनुमान और सनी सिंह ने लक्ष्मण की भूमिका निभाई है।

# दीपिका पादुकोण की अंगुली में वेडिंग रिंग ना देख फैंस को हुई फिक्र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की पर्सनल लाइफ कुछ दिनों से खबरों में है। सोशल मीडिया में तरह-तरह के दावे किये जा रहे हैं। तबीयत बिगड़ने के कारण और कैमरों की ओर स्माइल देती हैं। दीपिका के साथ उनकी मॉम उज्ज्वला पादुकोण भी हैं। इस वीडियो पर फैंस और यूजर्स कमेंट सेक्शन में फैंस अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कई फैंस ने दीपिका के लुक हुई है। हालांकि, इन रिपोर्ट्स पर दीपिका या रणवीर की ओर से किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं आयी। इस बीच मुंबई में हुए फिक्की फ्रेम्स कार्यक्रम में रणवीर ने खुलासा किया कि जल्द वो स्वीट सरप्राइज



दीपिका के अस्पताल में भर्ती होने की खबरें भी आयीं। इन सब नेगेटिव चर्चा के बीच दीपिका पादुकोण मुंबई एयरपोर्ट पर मुस्कुराते हुए नजर आयीं। दीपिका की इस एपीयरेंस पर सोशल मीडिया यूजर्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं। दीपिका की इस मुस्कुराहट पर किसी को प्यार आया तो किसी को चिंता हुई। दीपिका पादुकोण का वीडियो पैपराजी फोटोग्राफर वीरल भयानी ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो में नजर आता है कि दीपिका अपनी कार से निकलकर आगे बढ़ जाती हैं और कुछ दूर जाकर रुककर पटलती हैं और ड्रेसिंग सेंस की तारीफ की है। वहीं, कुछ यूजर्स ने दीपिका की निजी जिंदगी को लेकर आ रही खबरों के मद्देजनर रिएक्ट किया है। एक यूजर ने नोटिस किया कि दीपिका की वेडिंग रिंग गायब है।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सोमवार को दीपिका की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां मंगलवार दोपहर तक उनकी जांचें हुईं। इस बीच खबरें ये भी आने लगीं कि रणवीर सिंह के साथ दीपिका की शादीशुदा जिंदगी पटरी से उतरी देने वाले हैं और दीपिका के साथ नजर आ सकते हैं। दीपिका और रणवीर, बॉलीवुड के पावर कपल माने जाते हैं। इसलिए फैंस भी इन रिपोर्ट्स से शॉक्ड हैं। इन दोनों की लव स्टोरी काफी फिल्मी रही है। अपने बिंदास अंदाज के लिए चर्चा में रहने वाले रणवीर कई मौकों पर दीपिका के लिए अपने प्यार का इजहार सार्वजनिक तौर पर करते रहे हैं। दीपिका के साथ शादी करना रणवीर के लिए सपने के पूरा होने जैसा था। यह भी एक वजह है कि इनके सेपरेशन की खबर फैंस को परेशान कर रही है।

# अनिल कपूर की छोटी बेटी ने पार की सारी हदें ब्रालेस होकर ओपन कोट में कराया बोल्ड फोटोशूट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर इंडस्ट्री के उन स्टार्स में हैं जो एक्टिंग के साथ अपनी फिटनेस का भी पूरा ध्यान देते हैं। अनिल की तरह ही उनकी दोनों बेटियां सोनम कपूर और रिया कपूर भी इंडस्ट्री का एक जाना माना नाम हैं। रिया और सोनम अपने फैशन सेंस और स्टाइल स्टेटमेंट को लेकर हमेशा ही चर्चा में बनी रहती हैं। सोनम को बॉलीवुड में फैशन दीवा कहा जा है। वहीं उनकी छोटी बहन रिया भी उन्हें लुक में बराबर की टक्कर देती हैं। इसी बीच रिया का लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट तेजी से वायरल हो रहा है। उनकी तस्वीरों को देखकर हर कोई अपना दिल थामने पर मजबूर हो रहा है। यकीन नहीं तो आप खुद ही देख लें उनकी फोटोज रिया कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में हमेशा की तहर ही वह कहर ढाती दिख रही है। रिया ने इस दौरान ब्रालेस होकर कोट पैंट पहना है। वहीं उनके कोट का सिर्फ एक बटन ही लगा है बाकी ओपन है। इस ड्रेस के साथ रिया ने अपने बालों को ओपन कर रखा है। रिया की हर तस्वीर बेहद ही खूबसूरत है।



# पाकिस्तानी एक्टर इमरान अब्बास संग डेटिंग को लेकर अमीषा पटेल ने तोड़ी चुप्पी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने अपनी पहली ही फिल्म से इंडस्ट्री में धमाल मचा दिया था। अमीषा ने ऋतिक रोशन के साथ फिल्म 'कहो ना प्यार है' से डेब्यू किया था। राकेश रोशन ने अमीषा को ये फिल्म उस वक्त



ऑफर की थी, जब वो लंदन में पढ़ाई कर रही थीं। वहीं अमीषा ने इतने बड़े ऑफर को हाथ से जाने नहीं दिया और 2000 में साल की सबसे बड़ी हिट फिल्म दी। इस फिल्म उस साल कई अवॉर्ड्स मिले। इसके बाद उन्होंने एक और ब्लॉकबस्टर फिल्म 'गदर' के साथ ही बवाल मचा दिया। इस फिल्म ने सालों तक सिनेमा में अपनी धाक जमा कर रखी। वहीं अब एक बार फिर से सालों बाद सनी देओल संग अमीषा इसे दूसरे पार्ट में नजर आने वाली हैं। वहीं हाल ही में अमीषा का नाम पाकिस्तानी एक्टर इमरान अब्बास संग काफी चर्चा में रहा है। दोनों को लेकर ऐसी खबरें चर्चा में रहीं थीं कि वो एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। वहीं अब डेटिंग की खबरों पर अमीषा पटेल ने चुप्पी तोड़ी है और पूरा सच बताया है। अमीषा पटेल और पाकिस्तानी एक्टर इमरान अब्बास का एक रोमांटिक वीडियो हाल ही में वायरल हुआ था। इसे खुद अमीषा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था। इसके बाद ही दोनों की डेटिंग के कयास लगाए जाने लगे थे। वहीं अमीषा ने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए गए इंटरव्यू में इस पूरे मामाले का खुलासा किया। उन्होंने बताया, 'जब मैंने इस तरह की खबर जब पढ़ी तो उन्हें हंसी आई। यह एकदम बेवकूफी है। मैं सालों बाद अपने खास दोस्त से मिली थी। ऐसे मिलना ये हम दोनों के मिलने का तरीका था बस, जिसे लोगों ने एक अलग ही नजर से देख लिया।

# सितम्बर के आखिरी शुक्रवार को 'विक्रम वेधा' और 'पीएस 1' के साथ संजय मिश्रा की 'वो 3 दिन' रिलीज हो रही हैं।

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सितम्बर के आखिरी शुक्रवार को सिनेमाघरों में दो बड़ी फिल्में विक्रम वेधा और पीएस-1 रिलीज हो रही हैं। इनके बीच एक ऐसी फिल्म भी आ रही है, जो बजट और स्केल में बड़ी भले ही ना हो,




मगर कहानी और अदाकारी के लिहाज से कम नहीं। यह फिल्म है वो 3 दिन, जिसमें संजय मिश्रा लीड रोल निभा रहे हैं। वो 3 दिन की कहानी उत्तर प्रदेश के एक गांव में दिखायी गयी है। संजय मिश्रा के किरदार का नाम रामभरोसे है, जो आजीविका के लिए रिक्शा चलाता है। राम भरोसे मेहनतकश, मासूम और परिवार को समर्पित है। पतनी और बेटी उसकी दुनिया हैं। राम भरोसे की जिंदगी में तब उथल-पुथल मचती है, जब एक रहस्मयी शख्स उसका रिक्शा तीन दिनों के लिए किराये पर लेता है और जगह-जगह घूमता है। राम भरोसे की समझ में नहीं आता कि वो ऐसा क्यों कर रहा है। ये तीन दिन रामभरोसे की जिंदगी पूरी तरह बदलकर रख देते हैं। फिल्म में टीवी एक्ट्रेस पूर्वा पराग संजय की पतनी के किरदार में नजर आएंगी। इंडस्ट्री में लगभग तीन दशक बिता चुकीं पूर्वा ने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग पैनडेमिक से पहले शुरू की थी और आखिरकार फिल्म अब सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। संजय सर के साथ काम करने का अनुभव बेहद शानदार रहा। उनके साथ काम करके सीखने को बहुत मिलता है। पूर्वा इससे पहले डिजनी प्लस हॉटस्टार की वेब सीरीज ग्रहण में भी एक अहम किरदार में नजर आ चुकी हैं।

# ऋचा चड्ढा के हाथों पर सजी अली फजल के नाम की मेहंदी


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**बॉलीवुड इंडस्ट्री के क्यूट कपल ऋचा चड्ढा और अली फैजल कुछ ही दिनों में शादी के पवित्र बंधन में बंधने वाले हैं। करीब 10 साल के लंबे रिलेशन के बाद दोनों अब एक दूसरे के होने के है। एक्ट्रेस ने अपनी मेहंदी में बिल्लियों का चेहरा बनवाया है। ऋचा चड्ढा और अली फजल की शादी की खबरें लंबे समय से सुर्खियों में बनी हुई है। ऋचा और अली दोनों ही इस वक्त टॉक ऑफ़ द टाउन बने हुए है। दोनों के घर में प्री-वेडिंग फंक्शन्स एक्ट्रेस की मेहंदी में एक खास चीज और है और वह है उनकी बिल्ली का बना चेहरा। दरअसल ऋचा के पास दो बिल्लियां हैं, जिनका नाम है जुगनी और कमली। एक्ट्रेस ने इन दोनों का चेहरा मेहंदी डिजाइन में बनवाया



लिए तैयार हैं। दोनों के घर में प्री-वेडिंग फंक्शन्स शुरू हो चुके हैं और 30 सितंबर को दिल्ली में मेजर फंक्शंस होंगे। इन सबके बीच रिचा ने मेहंदी लगे अपने हाथों का वीडियो शेयर किया है, जो इस वक्त काफी वायरल हो रहा शुरू हो गए हैं। ऋचा ने अपने घर में हो रहे फंक्शन की झलक भी दिखाई है। एक्ट्रेस ने हाथ में मेहंदी लगी वीडियो पोस्ट की है। ऋचा ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह अपनी मेहंदी को फ्लांट करती नजर आ रही है। है। ऋचा और अली के मेहंदी सेरेमनी के लिए पांच आर्टिस्ट को राजस्थान से बुलाया गया था। ऋचा और अली के बाकी प्री-वेडिंग फंक्शन्स की बात करें, तो पूरा डेकोरेशन नैचुरल तरीके से किया गया है।

# विवेक अग्निहोत्री ने करण जौहर के शो को बताया बकवास

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 'द कश्मीर फाइल्स' के डायरेक्टर विवेक अगिन्होत्री हर मुद्दे पर बेबाकी से अपनी राय रखते हैं। हाल ही में उन्होंने पॉपुलर फिल्म मेकर करण जौहर को लेकर कुछ ऐसा कहा जिससे वो सुर्खियों में जाना पसंद नहीं करेंगे क्योंकि यह एक दम बकवास शो है। विवेक अगिन्होत्री ने आगे कहा कि करण जौहर अपने शो में सिर्फ लोगों की बेडरूम लाइफ के बारे में जानना चाहते हैं। अब वो मिडिल एज में हैं उनके दो बच्चे हैं, उनकी लाइफ में डेट कर रहा है, किसने किसको धोखा दिया है। यह सब स्टोरी मेरे पास नहीं है।' विवेक का कहना है कि करण जौहर शो में सिर्फ अपने क्लोज लोगों को ही बुलाते हैं। उन्हें ही खुश करते हैं और बाकी लोगों के लिए यह शो बकवास ही है।





आ गए। उन्होंने कॉफी विद करण को बकवास शो बताया और कहा कि करण जौहर को सिर्फ लोगों की प्राइवेट लाइफ में इंटरेस्ट होता है। ब्रूट इंडिया को दिए इंटरव्यू में विवेक अगिनहोत्री से जब पूछा गया कि अगर उन्हें करण अपने शो कॉफी विद करण पर बुलाएंगे तो वो जाना पसंद करेंगे। इस पर जवाब देते हुए विवेक अगिन्होत्री ने कहा कि वो कभी भी ऐसे शो में बेडरूम रोमांस ज्यादा अहम नहीं है और ना ही करण जौहर को बताने के लिए कुछ खास है। उन्होंने कहा- वो शो बहुत आर्टिफिशियल है, ऐसे में मेरा वहां जाना बहुत अजीब हो जाएगा। कश्मीर फाइल्स के डायरेक्टर ने इंटरव्यू में कहा, ' मैं बहुत धार्मिक व्यक्ति हूं, मेरी लाइफ में अब सेङ्स जरूरी नहीं हैं। मेरी जिंदगी इसके इर्द गिर्द नहीं घूमती। उन्हें सुनना है कि कौन किसे

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक
डा0 दीपक अरोरा द्वारा
रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए
बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज
(उ.प्र.) 211002 से मुद्रित
एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी
औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज।
(उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।